ललिता

षाण्मासिकी

कवि-भारती

L A L I T Ā

राष्ट्रिया शोध-पत्रिका

द्वितीयोङ्कः

संरक्षकाः

जगद्गुरुश्रीमद्रामानुजाचार्यस्वामिश्रीवासुदेवाचार्य ‘विद्याभास्कर’ महाराजाः

2016

प्रधानसंपादकः

डॉ० कमलाकान्तत्रिपाठी

KISHORE VIDYA NIKETAN
BHADAINI-VARANASI

किशोर-विद्या-निकेतनम्

बी-2/236-ए-1, (भारतीय स्टेट बैंक अस्सी शाखा)
भदैनी, वाराणसी-221001

विक्रमसंवत् २०७३ ई० २०१६

Published by:
Kishor Vidya Niketan
B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi-221001
www.kishorvidyaniketan.com

I S S N : 0975-6256

Price: 200-00

Address for Correspondence:
Dr. Santosh Dwivedi
Proprietor
Kishor Vidya Niketan
B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi- 221001
email : kvnpublisher@gmail.com
website: www.kishorvidyaniketan.com

All Right Reserved with Publisher

DISCLAIMER: The opinions expressed in **LALITĀ KAVI-BHĀRATI** are those of the authors and contributors, and do not necessarily reflect those of the editors, the editorial board, Lalita Kavi-Bharati, Kishor Vidya Niketan, or the organization to which the authors are affiliated.

Printed at:
Sri Mahavir Press
Varanasi

ललिता

कवि-भारती

प्रवर्तकः
पं० शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी
स्व० पं० नंदकिशोर द्विवेदी

परामर्शकाः
प्रो० बालशास्त्री
प्रो० कृष्णकान्त शर्मा
डॉ० हरिप्रसाद अधिकारी
डॉ० उमाकांत चतुर्वेदी

सम्पादकमण्डलम्
प्रो० शीतलाप्रसाद उपाध्यायः
प्रो० सदाशिवकुमार द्विवेदी
डॉ० शिवरामशर्मा
डॉ० माधवी शर्मा

संरक्षकाः
जगद्गुरुश्रीमद्रामानुजाचार्यस्वामिश्रीवासुदेवाचार्य 'विद्याभास्कर' महाराजाः

प्रधानसम्पादकः
डॉ० कमलाकान्तत्रिपाठी

सम्पादकः
डॉ० संजीवशर्मा

प्रबन्धसम्पादकौ
डॉ० राजेश कुमार श्रीवास्तवः
डॉ० दीपञ्जय श्रीवास्तवः
डॉ० राकेश कुमार मिश्र

सूचना

सुधी विद्वानों एवं संस्कृतसाहित्यप्रेमियों के विशेष आग्रह का समादर करते हुए "**ललिता-कविभारती**" वार्षिक के स्थान पर वर्ष २००९ से अर्धवार्षिक अर्थात् वर्ष में दो अंक प्रकाशित होगा।

लेखकों के लिए-

* लेखों का विषय संस्कृत साहित्य से सम्बन्धित होगा। जिसकी भाषा मुख्यतः संस्कृत होगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेख भी स्वीकार्य होंगे परन्तु उनका विषय सर्वथा संस्कृत वाङ्मय से सम्बन्धित ही होना चाहिए।
* स्वलिखित लेख शुद्ध करके प्रकाशक के पते पर प्रेषित करें, भाषागत अशुद्धि अधिक होने पर लेख प्रकाशन पर विचार नहीं किया जायेगा।
* लेख (Stardust, A.P.S. font) में टाइप होने चाहिए। लेख की प्रिन्ट एवं C.D. प्रकाशक के पते पर डाक से भेजें।

नोट- **ललिता** कविभारती-२००८ के अनन्तर अंकों में लेखकों के कार्यक्षेत्र-विवरण के प्रकाशन की योजना है जिसकी पूर्त्ति हेतु लेखकों से निवेदन है कि लेखों के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र के विवरण, फोन नम्बर, ई-मेल पता प्रकाशक के पते पर भेजें।

संपर्क- पत्रिका के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्रकाशक से सम्पर्क करें-

डॉ० संतोष द्विवेदी
किशोर-विद्या-निकेतनम्,
ललिता (कविभारती)
बी-2/236-ए-१ भदैनी, वाराणसी-२२१००१
9415996512
Email : kvnpublisher@gmail.com, Website : www.kishorvidyaniketan.com

---

SUBSCRIPTION OF LALITĀ KAVI-BHĀRATI

Note: *Membership request is available at website of KVN.*

For Institute/University/Libraries:

(Life time, 15 years, 30 Issue)	INR 5000-00/USD 150
Yearly Membership (two Issue)	INR 400-00
	(Including Postage)

For Individuals:

(Life time, 15 years, 30 Issue)	INR 3000-00/USD 100

सम्पादकीयम्

सम्पादकीयम्

अखण्डं सहजञ्चैव सच्चिदाकारविग्रहम्।
सर्वशेषितया भान्तं तमानन्दमुपास्महे।।

ललिताकविभारत्याः ख्रैस्ताब्दीयषोडशोत्तरद्विसहस्रतमवर्षस्य द्वितीयोऽङ्को नवोद्भावनसंसक्त-स्वन्तानामौपकण्ठ्यमानीयते नैकविधगवेषणपरः। सर्व एव निबन्धा अत्र मनोहराश्चकासति। सुनीलकुमारशाहस्य श्रीकरपात्रस्वामिपदप्रवालानभिलक्ष्य विरचितं निबन्धमेव साम्प्रतं सबहुमानमाकलय्य स्वलेखनीव्यापारेणाऽऽत्मानं कृतार्थयितुमिच्छामि। कारणन्त्वत्र तावदिदम्-

उपेक्षा वेदशास्त्रणामन्यथार्थप्रकल्पनात्।
प्रदूषणञ्च जायेत यदाऽस्मिन् भारते तदा।।
याथार्थ्यदृष्टये येषामुत्साहः प्रगुणायते।
तान् प्रत्येव तु शिष्टानां पक्षपातो विजृम्भते।।

'धर्मेण हीनाः पशुभिः समाना' इत्युक्त्या मानवेषु पशुभ्यो वैशिष्ट्यं धर्मकृतमेव। धर्म एव संस्कृतिपदेनोच्यते मुख्यतया, तदुपकारकत्वेन च सदाचारादिष्वपि। धर्मे च प्राधान्येन वेद एव प्रभुः। नर्ते हि वेदाद् धर्मः प्रसिध्यति। एवञ्च, वेदार्थस्याऽन्यथाकरणं वेदप्रदूषणमेव। वेदप्रदूषका न केवलं लोकायतप्रभृतय एव, अपितु तु तत्राऽन्यथात्वदर्शिनः साम्प्रतिकवैदिकलच्छना अपि शिक्षानिकेतनेषु समासादिताभ्यर्थनीयपदाः। त इदानीमपि वेदेषु भौतिकविज्ञानपर्यावरणादि गवेषयन्तो गोष्ठीषु सर्वकारलब्धाधनासु दृश्यन्ते। मुधा प्रयासस्तेषामत्रेति विभावनीयं सुधीभिः। वेदानां तात्पर्यं तद्व्यतिक्तस्मृतिपुराणेतिहासादीन् विहाय ततो न बहिर्भवितुमर्हति। वेदार्थावधारणायैवाऽन्यासां विद्यानां प्रवृत्तेः। यदि वेदतात्पार्यावधारणायैव महर्षिजैमिनिकृता द्वादशलक्षणी महर्षिव्यासप्रणीता च ब्रह्ममीमांसा तथा प्रयोगशास्त्राणि स्मृतिजातपुराणेतिहासप्रभृतयश्च तदा सर्वेषामुपादेयता सिध्यत्येव। व्याख्यातारश्च सर्वशास्त्रनिष्णाताः सायणप्रभृतयो नूनं धर्मदृष्टय एव। तान् सर्वानेव नः शिष्टानाधरीकृत्य पाश्चात्यानां तत्पृष्ठचुम्बिनाञ्च दयानन्दप्रभृतीनां केवलपदशास्त्रे यत्किञ्चिद्व्युत्पत्तिशालिनां क्षुद्रव्याख्यानादिभिः शास्त्रजातं प्रदूषितं जातम्। तत्प्रभावादेव समाजसुधारकाः कवकोच्चया इवोदभवन्नार्यावर्ताभोगे। फलतोऽनादितः संरक्षितं प्रजानां सामरस्यं विगलितप्रतिष्ठमुदकम्पत। वैमनस्यमलकुल्याप्रवाहस्तरङ्गायितः। कटुता निम्बतोऽपि जघन्या जनतासु प्रादुरभूत्। निम्बस्य कटुता प्रायेण सुभिषक्प्रभावात् पर्यन्ते सुखावहा। वैमनस्यसम्भवा सा तु पर्यन्ते सकलसुखसंधुक्षणविधायिनी। हन्त! एवंविधां कटुतां प्रयुञ्जाना अपि केचन निजसौभाग्यसुखं कामयन्ते। सर्वथा धर्मशास्त्रप्रतिकूलां कदा चारबहुलां कुसृतिं प्रसारयन्तश्च दुर्भगा विभवं विरहितमोदकणमातन्वते। शिष्टास्तावदत्र प्रदूयन्ते। तेऽपि भारतीया एव। यदि निःश्रेयसं कामयेरन् नापराधं विदधीरन्। निःश्रेयसं च वैदिकादेवोपायाद् भवितु मर्हति, नान्यथा। वैदिकश्चोपायो न तन्मूलकविद्याप्रतिप्रतिकूल इति समाधानं कलौ

युगे कथं स्यादिति श्रीभगवता प्रचोदितः साक्षाद् वेद इव संस्कृतवाङ्मय इव संपिण्डितधर्मनिकाय इव मायारहितसच्चिदानन्दघन इव सकलसनातनिजनतानादिसञ्चितपुलकितपुण्यप्रकर्ष इव सकलातुरजनाधिव्याधिनि-वारणोत्कसुधामयौषधकर्ष इव भगवानुपवर्ष इव सुनिवारितभारतापकर्ष इव प्रमुष्टपरिमितप्रमातृसन्निकर्ष इव भरतभुवः प्रहर्ष इव निःसारिततर्ष इज जनितशिष्टतल्लजोत्कर्ष इव प्रफुल्लितश्रौताध्वपरामर्ष इव प्रवर्तयिता महायज्ञानां व्यापादयिता कुत्सितकुतर्कजातानां भीषयिता पाखण्डकवलितमतीनां तर्जयिता वैडालव्रतिनामाधारस्तम्भ इव मर्यादानां धर्मसम्राट् करपात्रस्वामिश्रीमद्धरिहरानन्दसरस्वतीपदपङ्कजाः सरयूपारीण ब्राह्मणवंश-भूषणभूतोऽवारत्। अधिगतयथानियमनिः। श्रेयसाधिगपयिकाशेषविद्यात् तस्माद् बिभ्यत् पाखण्डिव्रात आर्यावर्तं विहाय निजोचितां पर्यन्तम्लेच्छभूमिं भेजिरे। वेदप्रतिकूलान्यशेषस्वच्छन्दाचारबहलप्रतिपादनोद्धुरमतानि विलीनानि खे। यावन्ति प्रदूषणानि धर्माधर्मप्रतिपादानपरेषु शास्त्रजातेषु तान्यक्षरशः खण्डितानि श्रीमत्स्वामिपादेन। विचारनवीतखण्डनमेव विचारपीयूषं शिष्टस्वान्तेषु परां प्रतिष्ठामाप। सकलपाश्चात्यमतखण्डनाय विशेषतो दयानन्दीयकुतर्कजालनिरासाय वेदार्थपारिजाताभिधं स्वीयाभ्यर्हणीयवेदभाष्यभूमिकारूपं महाग्रन्थं विलोक्य को न विपश्चिदात्मनि लभते प्रमोदततिम्। वस्तुतः साम्यमिह प्राणिनां नः शास्त्रमेव प्रतिपादयति। विभेदप्रतिभास स्तत्र मायालम्बनः। स्वार्थप्रयुक्तं साम्यं किल साम्यवादिनां पदे पदे यत्र जनसामरस्यविधातो विलोक्यते। साम्याभासवादिनां मतनिरासाय वस्तुतः साम्यप्रतिपादकं रामराज्यसिद्धान्तं ततान धर्मसम्राट् श्रीकरपात्रस्वामिपादः। मूक इव तदानीं भूलोक आसीत्। आगत्यापि पाश्चात्यपुरोहितास्तत एव भीता अप्रयुक्तवचनसन्दर्भा निज-विषयं गता इति को न जानाति। तत्प्रयासादेवेदानीं महान्तो धर्मप्रयोगाः सदाचाराश्च दृश्यन्ते। मन्दिरेषु शास्त्रीयमर्यादा अपि तत्प्रभावादेवाऽत्र प्रायशश्चकासति। गोरक्षायै धर्मतत्प्रमाणभूतशास्त्ररक्षायै च तदुद्योगं विलोक्यैव साम्प्रतं प्रवर्तन्ते जनाः।

सम्प्रति प्रतिभासमाने प्रतिष्ठिते वाऽस्मिञ्जनतन्त्रे धर्मशास्त्रं प्रति न पक्षपातोा नेतृणाम्, प्रत्युत विद्वेष एव। गीतामेव तावद् विलोकयतु विपश्चिल्लोको यत्र श्रीभगवत्पादरामानुजाचार्यमध्वाचार्यप्रभृतीनां शास्त्रतत्त्वविदां भाष्याणि नैकटीकाग्रन्थसंवलितानि चकासति। तानि न्यक्कृत्य फल्गुकुतर्कजालविमिश्रतं रासभसदृक्षाणां महामूर्खाणां भाषानिबद्धं वस्तुतो श्रीगीतातात्पर्यभूतमिव मन्वानःप्रधानो भारतस्य राष्ट्रान्तरप्रधानस्य करयोरर्पयति। इतोऽधिका का भारतस्य दुर्दशा यन्महामूर्खा अपि स्वीयदुर्मतं मलमिव गीतायामुपन्यस्य न आर्षग्रन्थजातं दूषयन्ति मौनमालम्बन्ते च पण्डिताः। स्वस्वधर्माचरणाय स्वतन्त्राः सर्व इति वयमपि स्वतन्त्राः। अस्माकं धर्मस्य मूलं मुख्यतो वेदस्तदुपकारकत्वेनान्या विद्याश्चेति निवेदितं प्राक्। एवञ्च, मूर्खाणां तत्राऽन्यथात्वपरोलेखनी-व्यापारोऽस्माकं संविधानप्रदत्ताधिकारवञ्चनायैवेति दण्ड्या एव ते यत् सम्मानमाप्नुवन्ति तन्नोचितम्। अद्य विशेषतः स्मरणीयो धर्मसम्राट् श्रीमत्करपात्रपदप्रवाल इति विनिवेद्य श्रीभगवच्छरणमुपैमि।

कमलाकान्त त्रिपाठी

विषयानुक्रमणिका

	सम्पादकीय		
१.	ऋतविज्ञानम्	सञ्जय कुमार मलिकः	१
२.	संस्कृतवाङ्मयदृष्ट्या रसस्वरूपनिरूपणम्	झरना रानी त्रिपाठी	५
३.	श्री रामपांचाली की प्रासंगिक कथायें और उनका विकास	डॉ. पम्पा सेन विश्वास	१२
४.	महाभारत में शिल्प तथा उद्योग	डॉ. समीर कुमार श्रीवास्तव	१६
५.	मानवीय मूल का समीक्षात्मक परिचय	डॉ. प्रभाकर कुमार अग्निहोत्री	१९
६.	वेदान्त दर्शन में ब्रह्म–एक विवेचन	डॉ. माधवी शर्मा	२३
७.	संस्कारीय सदाचार (वैदिक गृह्यसूत्रों के सन्दर्भ में)	डॉ० राकेश कुमार मिश्र	२८
८.	रामचरितमानस में वर्णित आदर्श जीवनमूल्य : एक विश्लेषण	डॉ० अवनीश चन्द्र पाण्डेय	३१
९.	वैदिकपरम्परा में धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी : एक व्यक्तित्व	सुनील कुमार शाह	३८
१०.	षोडश संस्कार और आधुनिक भारतीय समाज	डॉ० उमा सिंह	४३
११.	संस्कृतरूपकों में पूर्वरङ्गविधान	इन्द्रेश कुमार यादव	५२
१२.	यूरोपीयसाहित्ये पञ्चतन्त्रस्य प्रभावः	योगानन्द शास्त्री	५६
१३.	श्रीभाष्यंविजयसारथिमहाशयानां देशभक्तिः	श्री प्रकाशः गोगिकरः	६०
१४.	नाग– भारत के प्राचीनतम धर्मस्थल मुण्डेश्वरी मंदिर के निर्माण	प्रसून कुमार मिश्र	६७

Lalitā Kavi-Bhāratī : Vol. VIII, No. II, 2016

D E C L A R A T I O N

Name of the Journal	**:**	**Lalitā Kavi-Bhāratī : Vol. VIII, No. II, 2016**
Language	:	Sanskrit, Hindi, English
Time of Publication	:	December, 2016
Name of the Publisher	:	Dr. Santosh Dwivedi Kishor Vidya Niketan
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	Kishor Vidya Niketan B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi-221001, Uttar Pradesh
Place of Publication	:	Varanasi
Name of the Printer	:	Srimahavir Press
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	Bhelupur, Varanasi
Name of the Press	:	Srimahavir Press
Name of the Editor	:	Dr. Sanjeev Sharma
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	P-1/2, Ravindrapuri, Lane No. 11, Varanasi-221001
Owner of the publication	:	Kishor Vidya Niketan B-2/236-A, Bhadaini, Varanasi- 221001, Uttar Pradesh

The above declaration is true to the best of my knowledge.

Editor

ऋतविज्ञानम्

सञ्जय कुमार मलिकः
अनुसन्धाता, पण्डीच्चेरी विश्वविद्यालयः,
पण्डीच्चेरी।

वेदवाङ्मयविशिष्टोऽयं ऋतशब्दः। वेदार्थाविष्काराय उपकारेषु पदेषु इदमाद्यं विज्ञेयम्। असङ्केतात्मकः सन् अन्तरर्थसाधकेषु शब्देषु अन्यतमः इति प्राग्रक्तं स्मर्तव्यम् । सत्यपर्यायत्वेन लोके प्रसिद्धोऽयं शब्दः वेदवाङ्मये अनितरसाधारणं स्थानं पात्रं च आवहति। ऋषीणां मन्त्रदृष्टिषु इदम् असन्दिग्धतया प्रत्यभिज्ञेयं यत् निखिलोऽपि शब्दप्रयोगः विशिष्टनिमित्तकः एव। न तत्र असाधुत्वम् सन्दिग्धत्वं द्विरुक्तत्वं वा आपादनीयम्। अत एव सत्यपर्यायवाचि ऋतशब्दस्य सत्यार्थत्वेऽपि सत्यात् पृथक्धर्मत्वं प्रतिपत्तव्यम्। वेदगूढार्थवादे ऋतं सत्यं सत्यधर्मो वा भवति सर्वत्र वेद इति प्रागुक्तं स्मर्तव्यम् । तथाऽपि तयोः विद्यते अतिसूक्ष्मो भेदः। असति भेदे शब्दान्तप्रयोगः व्यर्थः स्यात् । ऋचा एव अयमर्थो दृढीक्रियते। एकस्मिन्नेव मन्त्रवाक्ये ऋतसत्यशब्दयोः प्रयोगः कृतः। तद्यथा–

ऋतञ्च सत्यञ्चाभिधात्तपसोध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत ततस्तमुद्रो अर्णवः।। ऋसं० १०, १९०, १

अत्र ऋतसत्यशब्दाभ्यां प्रयुक्तेन चकारेण समुच्चयः व्यवस्थापितः पृथगुक्तयोः पदार्थयोः मध्य एव समुच्चयस्य अवसरः। एकं चेत् वस्तु केन वा समुच्चीयते। अतः अनेन मन्त्रेण तयोः कश्चन भेदः सूचितो भवति। अत्र सायणोऽपि अनयोः शब्दयोःभिन्नार्थकत्वं प्रतिपादयति। तन्मते ऋतंनाम मानसं यथार्थसङ्कल्पनम्। सत्यं नाम वाचिकं यथार्थभाषणम् इति प्राक् प्रचञ्चितम्। वेदगूढार्थसिद्धान्तरीत्या तु उपनिषत्सु प्रसिद्धं सत्यपदवाच्यं परमसत्यं सत्यशब्देन आवेद्यते। इदमेव सत्तायाः वास्तविकी स्थितिः। सत्यास्तित्वयुक्तत्वात् सत्यमित्युच्यते। सत्तार्थक–अस् –धातुना निष्पन्नः अयं शब्दः परमसत्तां बोधयति वचसा अभिव्यञ्जितस्य यथार्थस्यापि गुणाश्रयेण सत्यमिति नाम साधुत्वं भजते। अग्रे च यथावसरं इदं प्रपञ्चयिष्यते। गत्यर्थक–ऋ धातुना निष्पन्नः ऋतशब्दः सत्यगतिवाचकः अर्थात् जगतः सर्वस्याः रचनायाः क्रियायाः निर्धारकत्वेन यत् सत्यम् अभिव्यक्तं तत् ऋतशब्देन कथ्यते। परमार्थसत्यं प्रति या गतिः वर्तते योगयात्रायां तदपि ऋतमेव। जगद्रूपेण अभिव्यक्तं सत् एवं यया शक्त्या सत् ईदृग्भूतम् अभिव्यजते तत् सर्वम् ऋतमेव। अतः ऋतेन प्राप्तप्रतिष्ठा इयं जगती। कार्यप्रवृत्ता सहजरूपेण स्वतः प्रवृत्ता सामर्थ्यवती स्वप्रयोजनोन्मुखी परमार्थस्य सतः परा शक्तिः ऋतं भवति वेदे। अतः एव श्रूयते यथा–

चेतना तु सीमिता। एतद्विपरीतं तु सत्यस्य चेतना बृहती एवं विशालां वर्त्तते। अत एव एकस्याः भूमा अन्यस्याः अल्पं इति व्यवहार कृतः। अस्याः अतिमानसायाः सत्यचेतनायाः नामान्तरं महत् इति। अस्यार्थोऽपि महानिति। यथा इन्द्रियानुभव विविधप्रकारमिथ्यात्वेन (अनृतं- असत्यम् अथवा दैहिकमानसिक क्रियायां सत्यस्य अशुद्धप्रयोगः) सवंलित, अस्य उपकरणानि इन्द्रियाणि, इन्द्रियं मनः, बुद्धि (या इन्द्रियप्रमाणाधारिता सती कार्यं करोति) तथैव सत्यचेतनाः स्वानुरूपाः शक्तयः सन्ति दृष्टिः, श्रुतिः, विवेकः। सत्यस्य अपरोक्षं दर्शनदृष्टिः, सत्यशब्दस्य अपरोक्षं श्रवणं – श्रुतिः, अथवा यस्मिन् इमाः शक्तयः स्वकार्यं कुर्वन्ति स ऋषिः, सः कविः, सः विपश्चित् अथवा द्रष्टा। सत्यत्व- ऋतत्वविचारः ऋग्वेदस्य प्रथमसूक्ते एव प्रत्यभिज्ञेयः (ऋ०सं० ४.२५.४)।

सत्यान्वेषणमेव ऋषीणां प्रवृत्तिमूलम् इत्यमूलम् इत्यसकृत् उपन्य स्तमेतावत्। अतः वैदिकदर्शने सत्यम् ऋतम् – बृहत तत्वम् परिगण्यते। विचारस्यास्य दृढीकरणं श्रीजगन्नाथवेदालङ्कारस्य अथर्ववेदस्य पृथवीसूक्तस्य व्याख्यां पुरस्कृत्य क्रियतेतद्यथा- सत्यं बृहद् ऋतम् उग्रं दीक्षा तपः ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।

सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्गृरू लोकं पृथिवीनः कृणोतु।। (अथर्वा २२.१.२) अस्याध्यात्मिकेऽर्थे तु पृथिवी अस्माकं भौतिकीसत्ता चेतना वा यास्माकं दैहिकसत्तायाः आधारभूता। तस्या धारणम् ऋतसत्यादिभिरेव कर्तुं शक्यम् । तत्र सत्यं, बृहत् , ऋतम् इति त्रिशब्दात्मकपरिभाषाया दिव्यतत्वस्य सत्यं, सत्ताया दिव्यसत्यं वा अभिप्रेतं यत् सार्वभौमं, विशालम् अनन्तञ्च (बृहतः)। ऋतम् नाम क्रियाशक्तियुक्तं क्रियागतञ्च सत्यं यत् देहमनसयुक्तक्रियां एतदेव सत्यं 'महः' इति चतुर्थव्याहृतं प्रतिपाद्यं इदमेव चोपनिपत्सु वेदान्ते पुराणेषु च 'विज्ञानम्' इति नाम्ना वर्णितम्।

एतत् बृहत् ऋतमयं सत्यम् (विज्ञानम् , अतिमानसिकं सत्यचैतन्यं वा) अपि य एतज्जन्यं ब्रह्मतेजः, ज्ञानतेजश्च, दीक्षा, तपो यज्ञश्चास्माकं भौतिकीं सत्तां चेतनां च धारयन्ति। एभिर्हदतया धृतास्माकं भूतभवद्भविष्याणाम् आधारभूता अन्नमय सत्ता आध्यात्मिकीं बृहतीं दिवं (उरूलोकम्) अर्थात् सत्यचेतनायाः अर्थात् अनन्तस्वातन्त्र्यं रचयतु (अग्नि० पृ० ३५५)

एवञ्च इदं स्पष्टं यत् वैदिकदर्शने परमसत्यस्य अनन्तां सत्तां विश्वस्य बृहतां च ऋतमिति एकेन पदेन व्यपदिश्यते वैदिकर्षयः। ऋतस्य इमां विशालतां बहुधा बहुप्रकारेण च वर्णयन्ति। अत इतः परं ऋततत्त्वस्य नानामुखानि, पत्राणि, रूपाणि च परिचीयन्ते।

***

संस्कृतवाङ्मयदृष्ट्या रसस्वरूपनिरूपणम्

झरना रानी त्रिपाठी
शोधच्छात्रा:
पण्डीच्चेरी विश्वविद्यालय:, पण्डीच्चेरी।

रसशब्दस्य अर्थ:

"रस्यते आस्वाद्यते इति रस:" इति रसस्य स्वरूपं सुस्पष्टम्। काव्ये रसस्य स्थानं यथा महत् भवति तथैव गहनमपि विद्यते। अतएव काव्यजगति रसस्य अध्ययनं विमर्श: अन्वीक्षणं च अद्यावधि प्रवर्त्तते येन न नाविन्यमपि अनुभूयते रसिकैजनै:।

नाट्यशास्त्रानुसारेण

न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्त्तते।[१]

काव्यमीमांसाकारेण राजेशखरमतानुसारेण

रसः काव्यस्यात्मा इति स्वीकृतम् ।[२]

विश्वनाथकविराजमतानुसारेण

वाक्यं रसात्मकं काव्यं।[३]

रसस्य स्वरुपम्–

सत्त्वोद्रेकादखण्डस्वप्रकाशानन्दचिन्मयः।
वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदरः।।
लोकोत्तरचमत्कारप्राणः कैश्चित्प्रमातृभिः।
स्वाकारवदाभिन्नत्वेनायमास्वाद्यते रसः।।[४]

१. सत्त्वोद्रेकाद् रसानुभूतिः- अर्थात् रसस्य निष्पत्ती रजस्तमोगुणाभ्यां रहितस्य भवति। सत्वगुणस्य स्थित्यां मनुष्य: सांसारिकरागद्वेषरहितावस्थायां तिष्ठति। अत: रसास्वादनं रागद्वेषरहितहृदये एव भवति। रसास्वादानन्तरं तस्य हृदयं उदारं निर्मलं परिष्कृतञ्च भवति।

२. रसास्वादोऽखण्डः - रसानुभूते: अवसरे विभावानुभावसंचारिभावानुभव: पृथक्तया न भवति। अखण्डम् अद्वितीयं भवति। सर्वेषा समन्वितानुभूतिरेव भवति। अत: रस: अखण्ड: भवति।

विभावा अनुभावास्तत्कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायिभावो रसः स्मृतः।।[८]

पुनश्च धनञ्जयेन दशरूपके उक्तं यथा –

क्रीडतां मृण्ययैर्यद्वद् बालानां द्विरदादिभिः।
स्वोत्साहः स्वदते तद्वच्छोतृ णामार्जुनादिभिः।।
विभावैरनुभावैश्च सात्विकैर्व्यभिचारिभिः।
आनीयमानः स्वादुत्वं स्थायी भावो रसः स्मृतः।।[९]

पुनश्च प्रतापरुद्रीये निरूप्यते यथा –

विभावानुभावसात्विकव्यभिचारिसामग्रीसमुल्लसितः स्थायीभावो रसः।[१०]

अर्थात् मुनिव्याख्यानात् ज्ञायते यत् नानाद्रव्यसंयोगात् सम्मिश्रणाद्वा कटुकषायतिक्त मधुर-लवणाम्लाः षड्रसाः निष्पद्यन्ते पुरुषाः तान् रसान् आस्वादयन्ति। अत्र संयोगशब्दस्य निष्पत्तिः-शब्दस्य चार्थः बोधगम्योऽस्ति।

एवं वदति **विभावेनानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।**
रसतामेति रत्यादिः स्थायीभावः सचेतसाम् ।।[११]

नाट्यशास्त्रकारेण भरतमुनिना प्रतिपादितमस्ति–

विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात् रसनिष्पत्तिः।

अत्र निष्पत्तिरितिः शब्दस्य व्याख्या चतुर्भिः विद्वद्भिः चतुर्धा प्रतिपादता–

१. भट्टलोल्लटस्य उत्पत्तिवादः
२. श्री शंकुकस्य अनुमितिवादः।
३. भट्टनायकस्य भुक्तिवादः
४. अभिनवगुप्ताचार्यस्य अभिव्यक्तिवादः।

भट्टलोल्लटादीनाम् आरोपवादः

ललनोद्यानप्रभृतिभिः आलम्बनोद्दीपनकारणैः स्थायी रत्यादिको भावो जनितः अनुभावैः कटाक्षविक्षेपादिभिः कार्यैः प्रतीतियोग्यः कृतः व्यभिचारिभिश्च निर्वेदादिभिः सहाकारिभः उपचितः मुख्यया वृत्त्या रामादौ अनुकार्ये वर्तमानः तद्रूप तानुसन्धाननात् नर्तकेऽपि प्रतीयमानो रत्यादिः स्थायी रसः। स च विभावस्य रत्यादिरूपेण रसेन जन्यजनकभावः, अनुभावेन ज्ञाप्यज्ञापकभावः, व्यभिचारिणा तु पोष्यपोषकभावः, इति विशेषः। मतेन अस्य रसो वस्तुतो रामादौ वर्तते।

शङ्कुकस्य अनुमितिवादः

अयं नैयायिकमतानुयायी। अनुमानेनैव रसप्रतीतिमुपपादयति। तन्मतेन सूत्रस्यायमर्थः राम एवायम् अयमेव इति सम्यक् प्रतीतिः न रामोऽयं इति औत्तरकालिके बाधे रामोऽयम् इति मिथ्याप्रतीतिः रामः स्यान्न वा अयम् इति संशयप्रतीतिः रामसदृशोऽयम् इति सादृश्यप्रतीतिश्चेति यावत्यः प्रतीतयो वर्तन्ते ताम्यः सर्वाभ्योऽपि

८. विस्मयः – **विविधेषु पदार्थेषु लोकसीमातिवर्तिषु।**

विस्फारश्चेतसो यस्तु स विस्मय उदाहृतः।।

९. शमः – **शमो निरीहावस्थायां स्वात्मविश्रामजं सुखम् ।**

रसभेदः

नाटयशास्त्राकारेण: भरतेन काव्ये रससंख्याविषये स्वमतं इति प्रतिपादयति। अष्टविधरसस्य युक्तिक्षेत्रे भरतमुनिना उक्तं यथा –

शृङ्गार-हास्य-करुणरौद्रवीर-भयानकाः।

बीभत्साद्भुतसञ्ज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।

नाट्यशास्त्रे भरतमुनिना अष्टविधरसं स्वीकरोति।

तेषां स्थायिभावादीनां प्रतिपादनक्षेत्रे भरतमुनिना उक्तमेव–

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रधोत्साहौ भयं तथा।

जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः।।

साहित्यदर्पणकारनिश्वनाथमतेन–

शृङ्गार-हास्य-करुण-रौद्र-वीर-भयानकाः।

बीभत्सोऽद्भुत इत्यष्टौ रसाः शान्तस्तथा मतः।।[१३]

साहित्यदर्पणकार विश्वनाथकविराज: नवविधरसं स्वीकरोति।

स्थायिभावादीनां प्रतिपादनक्षेत्रे विश्वनाथेन उक्तम् –

रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा।

जुगुप्सा विस्मयश्चेत्थमष्टौ प्रोक्ताः शमोऽपि च।[१४]

पण्डितराजजगन्नाथेनोच्यते –

शृङ्गारः करुणः शान्तो रौद्र वीरोऽद्भुतस्तथा।

हास्यो भयानकश्चैव बीभत्सश्चेति ते नव।।

अत्र साहित्यदर्पणानुसारे नवरसस्य लक्षणम् सूचितमस्ति।

१. शृङ्गाररसस्य लक्षणम्ः –

शृङ्गं हि मन्मथोद्भेदस्तदागमन- हेतुतः

उत्तमप्रकृतिप्रायो रसः शृङ्गार इष्यते।[१५]

शृङ्गाररसो द्विविधो भवति। १. संयोगशृङ्गार, २. विप्रलम्भशृङ्गार।

२. हास्यरसस्य लक्षणम्ः –

विकृताकारवाग्वेष-चेष्टादेः कुहकाद्भवतेत् ।

हास्यो हासस्थायीभावः श्वेतः प्रथमदैवतः।।[१६]

सन्दर्भ

१. नाट्यशास्त्र ३। पृ० २७१
२. नाट्यशास्त्र
३. साहित्यदर्पण १/३
४. साहित्यदर्पण ३/२,३
५. नाट्यशास्त्र ६। पृ० २७१
६. रसगनभङ्गाधरः पृ० ३७
७. साहित्यदर्पण ३-२
८. काव्यप्रकाश ४/२७-२८
९. दशरुपक ४। ९-१०
१०. प्र० रु० पृ० १८५
११. विश्वनाथः मते
१२. साहित्यदर्पण ३। प्र० २२४
१३. साहित्यदर्पण ३। प्र० २२८
१४. साहित्यदर्पण ३। प्र०२२५
१५. साहित्यदर्पण ३/२२८
१६. साहित्यदर्पण ३/२५४-२५५
१७. साहित्यदर्पण ३/२५८
१८. साहित्यदर्पण ३/२६०
१९. साहित्यदर्पण ३/२६३
२०. साहित्यदर्पण ३/२६६
२१. साहित्यदर्पण ३/२६७
२२. साहित्यदर्पण ३/२६९
२३. साहित्यदर्पण ३/२७१

संदर्भ ग्रन्थसूची-

१. साहित्यदर्पणम् आचार्य शेषराजशर्मा रेग्मी, चौखम्भा कृष्णदास अकादमी वाराणसी।
२. संस्कृतशास्त्र मञ्जूषा- डॉ० उदयशंकर झा, चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी।
३. नाट्यशास्त्रम् - मनमोहन् घोश् , एसिएटिक् सोसाइटि कोल्कत्ता १९५१।
४. काव्यप्रकाश - पं० रघुनाथप्रसाद चतुर्देदी, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी द्वितीय वि० सं २०६० (२००३).
५. काव्यप्रकाश- पं० रट्टुनाथ प्रसाद चतुर्वेदी, चौखम्बा संस्कृत संस्थान,वाराणसी, द्वितीय वि० सं० २०६० (२००३)

***

छिड़ककर उसे राम-नाम का मंत्र दिया-

कमण्डलू जल छिलो, दिलेन मायाय।
महामन्त्र मूनि तारे कहिवारे जाय।।
निकटे आसिया ब्रह्मा कहे तार काने।
एक बार राम नाम बल रे वदने।।

पाप से जड़ हुई जीभ से वह राम न कहा सका, तब उसने पूछा तुम मृत व्यक्ति को क्या कहते हो? वह बोला 'मरा'। सूखे पेड़ को दिखा कर पूछा यह क्या है? दस्यु रत्नाकार ने कहा मरा काष्ठ-

मृत मनूसेरे 'मड़ा' बले सब नर
बलिल अनेक कष्टे 'मरा' काष्ठखान।

बस 'मरा-मरा' कहला कर ही उससे राम कल्प लिया। वह ६० हजार वर्ष तक तप करता रहा। ब्रह्मा ने आकर देखा वह वल्मीक के भीतर है। ब्रह्मा ने इन्द्र को आज्ञा देकर सात दिन तक जलवृष्टि करायी और उसे सम्बोधित कर बोले आज से तुम वाल्मीकि हुए-

आज हइते तव नाम वाल्मीकि हइलो।
वाल्मीकिते छिला जेई, तेई ए विधान।
सप्तकाण्ड करो गिरा रामेर पूराण।।

इस प्रसंग से कवि की मौलिकता दिखाई पड़ती है। कवि कहना चाहते है कि राम नाम में इतनी शक्ति है कि दस्यु भी ऋषि बन जाता है। एक और पक्ष भी है कि यदि कोई व्यक्ति पाप करता है तो उसका भागी वह स्वयं होता है न कि उसके सगे सम्बन्धी। यह प्रसंग ऐसा है जिससे मूल कथा पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है।

केवट का प्रसंग रामायण में दो बार आता है। एक बार अहल्याउद्धार के बाद और दूसरी बार चित्रकूट यात्रा के समय। वनगमन के लिए राम-लक्ष्मण और सीता को सुमन्त छोड़ कर अयोध्या लौट जाते हैं। राम को भरत के आगमन की शंका होने लगी। अत: वे गंगा के तट पर हुक के नात से थोड़ी दूर जाकर उसके घर पर ठहरे। प्रात:काल गुह द्वारा लायी गई नई नाव से गंगा पाकर भरद्वाज मुनि के आश्रम आए-

गुहकेर बाड़िते राम थाकि एक राति।
विदाय पईया परे जान शीघ्रगति।।
प्रात:काले नौका गुह करिलो साजन।
पार हइा कूलेते उठेन तीनन जन।।

वनयात्रा के क्रम में सीता जब गया में थीं तो एक दिन वह बालू से खेल रही थीं। अचानक दशरथ आकर उनसे पिण्ड देने को कहते हैं। सीता उन्हें कहती हैं कि मैं अकेली हूँ। आप पुत्र को आने दीजिए। सामग्री भी नहीं हैं। तब दशरथ सीता को कहते हैं कि मुझे बालू से ही पिण्ड दो। तब सीता ने राम की

सन्दर्भ

१. कृत्तिवास रचित सम्पूर्ण रामायण, पश्चिम बंग शिक्षा विभाग कर्तृक अनुमोदिर नूतन संस्करण-१९७२, श्रीसुबोध चन्द्र मजुमदार सम्पादित-१/२२

२. वही, १/२४

३. वही, १/२४

४. वही, १/६०

५. वही, २/१३३

६. वही, २/२५१

७. वही, २/२६२

८. वही, २/१५२

९. वही, ३/१५२

***

ही तैयार किये थे।[१०] मरुत ने स्वर्णराशि प्राप्त कर हजारों शुभ्र स्वर्णपात्र बनवाया था। कुण्ड–पात्री, पिठर तथा आसन बनाने वाले स्वर्णकारों की संख्या अगणित थी।[११]

युद्धों की बहुलता के कारण सैनिकों के त्राणार्थ कवचों के निर्माण की आवश्यकता होती थी। प्रत्येक राजा अपने देश के सैनिकों के लिए कवच बाण आदि शिल्पियों से बनवाते रहे होंगे। अर्जुन द्वारा कर्ण के ऐसे सुन्दर कवच को बाणों से क्षण में काट डालने का उल्लेख है जिसे बड़े प्रयत्न से बहुत समय में अनेक शिल्पिश्रेष्ठों ने बनवाया था–

महाधनं शिल्पिवरैः प्रयत्नतः कृतं यदस्योत्तम वर्मभास्वम्।
सुदीर्घकालेन तदस्य पाण्डवः क्षणेन बाणैर्बहुधा व्यशातयत्।। (कर्ण ६६/३३)

रणक्षेत्रों में युद्धारम्भ के पूर्व उपर्युक्त स्थानों पर शिविर–निर्माण होता था। इनमें शिल्पियों की आवश्यकता होती थी। राजाओं की ओर से शिल्पियों को उनकी देखरेख के लिये वहाँ रखा जाता था। महाभारत युद्ध के समय कृष्ण ने सैकड़ों दक्ष शिल्पियों को राजाओं के शिविर निर्माण में लगाया था।[१२]

युद्धकर्म और यज्ञकर्म के अतिरिक्त अनेक अवसर आते थे जब नगरनिर्माण और उसकी अपेक्षा समाजवाट रंगमंच सभा विहार, वापी, निपान आदि के निमित्त भी शिल्पियों की आवश्यकता अहनिश रहती थी। इन कार्यों के सम्पादन हेतु सर्वत्र कुशल कारीगरों की अपेक्षा होती थी।

अतः लोककल्याण के लिए निर्माण कर्मों को सम्पन्न करने हेतु अमात्यों की भाँति शिल्पियों को भी राजकीय नियोजन मिलता होगा। आजकल भी सार्वजनिक शालाओं, राजकीय भवनों, नहरों तथा कुओं, सड़कों, पुलों तथा इसी प्रकार अपेक्षित अन्य कार्यों के लिए सरकार द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग खोला गया है जिसमें स्थायी और अस्थायी रूप से श्रमिकों को नियुक्त किया जाता है। महाभारत में इस प्रकार के कई उल्लेख की हैं। कृष्ण ने पाण्डवों के सहायक राजाओं के शिविरों में उन शिल्पियों को लगाया था जिनको वेतन दिया जाता था।[१३] दुर्योधन की सभा को बनाने के लिए वे शिल्पी हजारों की संख्या में निर्माण की सामग्री लाकर लगा रहे थे जिनको पहले से ही नियुक्त कर दिया गया था।[१४]

जिन शिल्पियों को राजकीय नियुक्ति नहीं मिलती थी और जो स्वतन्त्र रूप से बहुत स्तर पर उद्योगों को स्थापित कर राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे, उन्हें भी राजा की ओर से सहायता मिलती थी।

राष्ट्रीय उद्योगों को क्षति तथा कारीगरों को बेकारी और कष्ट से बचाने के लिए राजा की ओर से कच्चे माल का प्रबन्ध किया जाता था। शिल्पियों को एक बार में ही राज्य की ओर से इतनी सामग्री प्रदान की जाती थी। जो उनके लिए कम से कम एक चतुर्मास तक चल सके। नारद द्वारा युधिष्ठिर से पूछे गये प्रश्न–

द्रव्योकरणं कच्चित्सर्वदा सर्वशिल्पिनाम्।
चातुर्मास्यावरं सम्यङ्नियतं संप्रयच्छसि।। (सभापर्व ५/१०७)

से केवल चारमास के लिए पर्याप्त द्रव्य ही नहीं अपितु उद्योग से सम्बद्ध उपकरणों से भी उचित समय पर नियमित रूप से मिलने का ज्ञान होता है।

मानवीय मूल का समीक्षात्मक परिचय

डॉ. प्रभाकर कुमार अग्निहोत्री
वरिष्ठ अध्यापक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,
बाहरी, सीधी, मध्य प्रदेश

प्रस्तावना

मनोरपत्यं मानवः मनु का अपत्य (सन्तान) मानव कहलाता है। आकृति प्रकृति स्वरूप आदि भेद से कुछ भिन्नता होने पर भी गुणसाम्य के आधार पर यह पृथ्वी मानव का मूल निकेतन है। एक प्रकार सृष्टि, प्रकृति, स्वरूप, संरचना, आहार-विहार विचार, क्रिया एवं आवश्यकता से मानव एक जाति विशेष है। रंग, रूप, वर्ण, स्थिति, ज्ञान, विज्ञान, कला, दर्शन, आध्यात्मिक विधान, आहार-विहार प्रकार एक साम्यता द्योतित होती है।

मानवीय मूल्य के विषय में सूक्ति है- "बसुधैव कुटुम्बकम्" यह पृथ्वी ही कुटुम्ब है। यह हम सबको धारण करती है। अतः धरा है। वैविध्यता अनेकता तथा अन्ततः सभी संघीय निकाय के रूप में इस पृथ्वी का एकत्व हमें एकता की शिक्षा देती है।

मानव जीवन के कुछ मानवीय आधार हैं उन्हें छोड़कर कोई सभ्यता या संस्कृति अधिक दिनों तक नहीं टिक सकती। हिंसा, घृणा एवं शोषण की परम्परा के नियन्त्रणभाव से उत्पन्न विघ्न एवं दुर्भिक्ष इतने आकस्मिक होते हैं कि उन्हें नियन्त्रित करना सदा से शासकों का सरदर्द रहा है। कहा भी है, "संघे शक्तिः कलौ युगे।" **मानव एक संघीय प्राणी है।** यह मानव जीवन एवं मानवीय जीवन पद्धति का नाम है। पूर्ण वैदिक एवं वैदिक मानवधर्म तथा सभी सम्प्रदाय इसी तथ्य को प्रकट करते है। मानवीय मूल्य मानव जीवन का आधार है और मानवीय मूल्य के दश नियम है-

शौचं स्नानं तपो दानं मौनेज्याध्ययनव्रतम्।
उपोषणोपस्थदण्डौ दशैते नियमाः स्मृताः।। (स्कन्धपुराण, ब्र.ध.मा.५/९१,२१,१)

१. शौच-पवित्रता, २. स्नान-नियमित स्नानादि, ३. तपश्चर्या, ४. दान अपने सामर्थ्यानुसार अन्न एवं विद्यादि का दान, ५. मौन-बिना मतलब नहीं बोलना या वाणी का सम्पूर्ण संयमन, ६. इज्य-यज्ञानुष्ठान, ७. अध्ययन-विद्याध्ययन, ८. व्रत-देवव्रत, पितव्रत एवं ऋषिव्रत का अनुष्ठान, ९. जीह्वा संयम का पालन तथा १०. उपस्थ इन्द्रिय का संयमन ये दश नियम है।

यम और नियमों का सर्वतोभावेन वालन से हीं मानव का सर्वाङ्गीण विकास तथा महापुरुष की प्राप्ति

असत्य तरीके से क्षमता प्राप्त करना तथा दुरुपयोग करना अधर्म है। वेदनिष्ठ वेदज्ञ एवं वैदिक आचार का पालनकर्ता, सज्जनों के आचरण एवं आत्मतोष ये मानवीय धर्म के मूल है।

भारतीय संस्कृति तथा संस्कृत भाषा का प्रथम स्रोत वेद है। महाराज मनु का उपर्युक्त कथन-आज फिर से यथार्थ विश्वबोध के लिए समीक्षणीय है-

वेदोऽखिलो धर्ममूलमिति। (पातंजलयोगप्रदीप)

सृष्टि, स्थिति तथा संहार की समस्त घटनाएँ प्राकृतिक यज्ञ है। कालविधान के ज्ञान के विना न तो प्राकृतिक यज्ञों को जान सकते हैं, न ही मानवीय चेतना एवं मानवीय आवश्यकतानुरूप मानवायोजित कालसापेक्ष प्रायोजित यज्ञ एवं कालांश क्षेत्रांश की सापेक्षता से प्रवर्तित मानवीय समस्त कार्य व्यवहारों को ही विधिवत जान एवं कर सकते है। क्योंकि मानव जीवन सचेतन यज्ञ है, अतः समस्त प्राकृतिक गतिविधियों को समझना भी मानवीय स्व-स्व क्षमतानुरूप मुख्य दायित्व है। **भारतवर्ष सदा से यज्ञीय राष्ट्र है।**

मानव के अन्तस्थ एवं ब्रह्माण्ड सप्तकेन्द्रों में यज्ञ के प्राकृतिक तथा समायोजित सर्वविध यज्ञों के केन्द्र में भी मानव है। अतः यह शब्द की ज्ञान विज्ञान कलादर्शन एवं अध्यात्म भेद से नानाविध व्याख्यात प्रयोग भेद से भारतीय शास्त्रों में मिलते है। मानव, मानवीय पञ्चविधशक्ति, ऊर्जा, प्रकाश, शब्द, गति, आकाश एवं काल सभी कुछ काल के अन्तस्थ एवं बहिस्थ सापेक्षता से गतिशील है। देशकाल एवं पात्र में दिग्देश एवं कालभेद से पात्रत्वेन सचेतन से जड़ भौतिक पदार्थ तक के समस्त आयाम रहस्यमय होकर भी कालविधान से गम्य है। केवल मानवीय जीवन सूक्ष्म के आश्रय से ये सब आज भी विद्यमान है। यहाँ ज्ञान एवं भावना की परम्परा अनन्तरूपों में आज भी व्याप्त है। जरूरत आस्था एवं भक्ति को छलनें वाले संगठित शोषकों से उन्हें सुरक्षित करने हैं।

भारतीय संस्कृति की मुख्य विशेषता- चतुर्विध पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष की सिद्धि ज्ञापक विधान से संस्कृत साहित्य की समस्त निगमागम सम्मत धाराएँ व मानवीय सर्वाङ्गीण विकास तथा मानवीय जीवनमूल्य का मार्ग प्रशस्त करता है। यह अलग तथ्य है कि इसे न समझ कर अन्यों के सद् आस्था पर प्रहार करना तथा साधारण अवस्था के आस्थावानों के संहार से समस्त मध्यकाल भरा पड़ा है। आश्रमव्यवस्था मानवीय शारीरिक मानवीय बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास के क्रमिकता को दर्शाता है। वर्णव्यवस्था मानवीय शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं अध्यात्मिक विकास के गुणात्मक भेद एवं वैज्ञानिक विकास, रक्षण रक्षाणात्मक अन्वेषण एवं राष्ट्रधर्म तथा मानवधर्म की रक्षा, सभी का पोषण आहार व्यवस्था तथा वस्तु विनमय एवं व्यवसायिक पद्धति, शिल्प, उद्योग एवं सर्वभिप्रायिक सर्वविध अन्वेषण का व्यवहार में संगठित श्रम द्वारा कार्मिक निवेश के चतुर्विध शाश्वत आयाम चार वर्णों के नैसर्गिक स्वरूप को दर्शाते हैं।

भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवत् गीता में कहा था-

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः। (गीता)

इससे जन्मजात प्रवृत्ति वशंगत प्रकृत्यनुरूप होना तथा संस्कार एवं शिक्षा द्वारा गुणों का आधान तथा

वेदान्त दर्शन में ब्रह्म-एक विवेचन

डॉ. माधवी शर्मा
प्राचार्य
डी.बी. (पी.जी.)महाविद्यालय, खेरली (अलवर)

इस चित्र जगत् और उस के क्रिया-कलाप को देखकर मानवमस्तिष्क अचंभित रह जाता है और यह विचार करने के लिए बाध्य हो जाता है कि इस व्यवस्थित जगत का कर्ता कौन है? यह विश्व कहां से आया है? हम कहां से आये हैं और कहां अवस्थित हैं? इस तरह के असंख्य विस्मयकारी विचारों के समाधान के लिए मानव अनवरत मननशील रहता है। इसीलिए पाश्चात्य दार्शनिक अरस्तू का कथन सटीक है कि दर्शन का प्रारम्भ आश्चर्य से होता है। निरन्तर चिन्तन की कला का नाम ही दर्शन है। पाश्चात्य दार्शनिक बट्रैन्ड रसेल के शब्द दृष्टव्य हैं- Phliosophy is atteninpts of Answer the Ultimate questions critically after investigating all that makes such question puzzling and after realizing the vagueness and confusion that underlie our ordinary ideas. इस प्रकार दर्शन ज्ञान की वह निर्बाध सरिता है जिसका प्रवाह सनातन है। ज्ञान की इस विशाल सरिता का उद्‌गम अनेक सहस्त्रादि पूर्व वेदों के काल में ही हो चुका था। वैदिक ज्ञान के अक्षर भण्डार ऋग्वेद में प्राप्त होते हैं। जो मनुष्य की नैसर्गिक जिज्ञासा और संशय निवृत्ति के परिचायक हैं। नारदीय सूक्त में कहा है- 'उस समय असत् नहीं था, जो सत् है वह कभी नहीं था। पृथ्वी भी नहीं थी और आकाश तथा आकश में विद्यमान सातों भुवन भी नहीं थे। ब्रह्माण्ड भी कहां था? किसका कहां स्थान था? क्या उस समय दुर्गम और गम्भीर जल था? उस समय मृत्यु नहीं थी, अमरता भी नहीं थी, रात और दिन का भेद नहीं वायुशून्य आत्मावलम्बन से श्वास प्रश्वास युक्त केवल एक ब्रह्म था। वेदान्त का अर्थ है-वेद का अन्त या सिद्धान्त तात्पर्य यह है-वह शास्त्र जिसके लिए उपनिषद् ही प्रमाण है। वेदान्त दर्शन का प्रमुख ग्रन्थ वादरायण का ब्रह्मसूत्र है। वेदान्त की तीन शाखाएँ हैं- अद्वैत वेदान्त, विशिष्टद्वैत और द्वैतवाद।

वेदान्त दर्शन वेद के परम और अन्तिम तात्पर्य का दिग्दर्शन कराता है। इस लिए यह वेदान्त है। 'वेदस्यऽन्तिमो भाग इति वेदान्तः।' इस जगत में मूल पदार्थ तीन हैं प्रकृति जीवात्मा और परमात्मा। ये तीनों ही तत्त्व अनादि हैं। इनका कोई अन्त नहीं है। प्रकृति जगत का उपादान कारण है, परमाणुस्वरूपा है सत्त्व, रजस तथा तमस तीनों का एकरूप है। इन तीनों अनादि पदार्थों का वर्णन वेदान्त दर्शन में मिलता है। जीवात्मा किस कारण से जन्म-मृत्यु के बन्धन में आता है तथा इसकी मुक्ति का माध्यम क्या है यह

सृष्टि के निमित्त एवं उपादान दो कारण होते हैं। ब्रह्म ही अपनी विलक्षण शक्ति माया से सृष्टि का उपादान तथा निमित्त दोनों ही कारण बनता है। लेकिन ब्रह्म को कोई भी उपादान निमित्त कारण नहीं होता हैं। ब्रह्म पूर्णत: माया से निर्लिप्त तथा अप्रभावी है।

ब्रह्म का विवेचन वेदान्त दर्शन में दो प्रकार से किया है।

१. स्वरूप लक्षण २. तटस्थ लक्षण

स्वरूप लक्षण में वस्तु के तात्त्विक रूप का परिचय प्राप्त होता है। वही तटस्थ लक्षण में विशिष्ट गुण के आधार पर ब्रह्म का विवेचन किया है।

ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है और यह विभूषित जगत और विषय जीव दोनों के रूप में प्रतिभाषित होता है। जगत ब्रह्म का प्रतिभाषित होने वाला विवर्त है और जीव उस भ्रान्तिमय जगत की अंगभूत उपाधियों से विशिष्ट होकर प्रतिभाषित होने वाला स्वयं ब्रह्म ही है। ब्रह्म मन वाणी के वर्णन से परे है–

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह

आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कदाचन।

जन्माद्यस्य यत: यह जगत् उत्पन्न होनेवाला पदार्थ है। प्रत्येक पदार्थ जिसका अस्तित्व है उसका कोई न कोई कर्ता होता है और वह चैतन्यमय होता है। जैसे घट का निर्माणकर्ता कुम्भकार तथा कटक, कुण्डल आदि का निर्माता स्वर्णकार होता है, इसी प्रकार से प्रादुर्भूत होने वाले इस विश्व ब्रह्माण्ड का निर्माणकर्ता भी अवश्य है। प्रादुर्भूत होने वाली वस्तु एक निश्चित समय के बाद विनिष्ट हो जाती है अत: इस जगत् की उत्पत्ति स्थिति एवं प्रल्य का जो नियामक चेतन तत्त्व है वही ब्रह्म है। इस प्रकार ब्रह्म ही जगत् का निमित्त कारण है। यह अनुमान तथा आगम प्रमाण से सिद्ध हो जाता है।

ब्रह्म जगत् का उपादान कारण भी है। प्रत्येक अणु में भी वह ब्रह्म स्थित है क्योंकि वह इस विश्व में पूरी तरह से संव्याप्त है। प्रत्येक अणु उससे अलग नहीं है। अत: वह ब्रह्म इस जगत् का उत्पत्ति कारण होने के साथ–साथ उत्पत्ति का साधन भी है। उपनिषदों ने इसका समर्थन किया है।

ब्रह्म अजन्मा है एवं प्रकृति जन्मदाता भी ब्रह्म ही है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा है कि ब्रह्म सभी तत्त्वों का परम कारण एवं समस्त कारणों के अधिष्ठाताओं का अधिपति है। ब्रह्म का तो कोई कर्त्ता नहीं है–

स कारणं करणाधिपाधिपो न चास्य कश्चिज्जनिता न पाधिप:।

आनन्दमयोऽभ्यासात्।

ब्रह्म आनन्दस्वरूप है और यह जीवात्मा अभ्यासपूर्वक ध्यान करते हुए रसस्वरूप ब्रह्म को प्राप्त कर आनन्दमय हो जाता है। इस प्रकार ब्रह्म सबको आनन्द है। क्योंकि जो आनन्द का कारण होता है उसी से आनन्द की प्राप्ति हो सकती है– **रसो वै स:।**

जीव और ब्रह्म का भेद पारमार्थिक नहीं है, अपितु औपाधिक है।

जो सुख, दु:ख पर विजय प्राप्त कर लेता है वह ब्रह्म को जान लेता है। जो ब्रह्म को जान लेता है

श्रीरामानुजाचार्य का कहना है कि ब्रह्म सत्य है, वह समस्त दोषों से रहित है। यह ब्रह्म जब माया से आच्छादित हो जाता है तब वह ईश्वर कहलाता है। केवल ब्रह्म ही सत्य है क्योंकि ब्रह्म कारण रूप है और वह विनष्ट नहीं होता है।

***

सन्दर्भ

१. भगवद्गीता

२. ब्रह्मसूत्र-वादरायण

३. वेदान्तसार-सदानन्दयोगिन्द्र

४. वेदान्त सार खण्ड ३४

५. ब्रह्मभाष्य

६. मुण्डक उपनिषद्

७. ऐतरेय उपनिषद्

८. छान्दोग्य उपनिषद्

९. तैत्तरीय उपनिषद्

१०. भारतीय दर्शन- दास खण्ड गुप्ता

११. श्वेताश्वतर उपनिषद्

***

इन कर्मों में श्रद्धा होती थी। यही कारण है कि भारत में समय-समय पर होने वाले आक्रमणकारियों के बर्बरतापूर्ण आक्रमण निष्फल रहे। ये थीं हमारे पूर्वजों की अमर योजनाएँ, जिन्होंने देश को अखण्डित तथा हमें स्वाधीन बनाये रखा और जिनके द्वारा संस्कृत होने के कारण हम सब एकता में आबद्ध रहे।

गृह्यसूत्रों में आश्रमों की व्यवस्था का व्यापक रूप से वर्णन मिलता है। ब्रह्मचर्य, विवाह और वानप्रस्थ- ये तीन आश्रम व्यापक रूप से समाज में प्रचलित रहे। 'तैत्तिरीयसंहिता' के एक मन्त्र में प्रकारान्तर से इनसे सम्बद्ध तीन ऋण कहे गये हैं- **'जायमानो ह वै ब्राह्मणस्त्रिभिः ऋणवान् जायते। ब्रह्मचर्येण ऋषिभ्यो यज्ञेन देवेभ्यः प्रजया पितृभ्य एष वा अनृणो यः पुत्री यज्वा ब्रह्मचारी च'** (६,३,१०,१३) अर्थात् 'जब ब्राह्मण पैदा होता है तो उस पर तीन ऋण लदे रहते हैं। ऋषि-ऋण के अपाकरण के लिए ब्रह्मचर्य, देव-ऋण देने के लिए यज्ञ तथा पितृ-ऋण से मुक्ति के लिए वह श्रेष्ठ परिवार से विवाह करता है।' 'शाङ्खायनगृह्यसूत्र' के उपनयन-संस्कार में तीन वर्णों की अवधि का उल्लेख है, जो इस प्रकार है- 'गर्भाष्टमेषु ब्राह्मणमुपनयीत' (२/१), 'गर्भैकादशे क्षत्रियम्' (२/४)। 'गर्भद्वादशेषु वैश्यम्' (२/५), 'आ षोडशाद् वर्षाद् ब्राह्मणस्योपनीतकालः' (२/७), 'आ द्वाविंशात् क्षत्रियव्य' (२/८)। अर्थात् 'गर्भाधान-संस्कार के बाद आठवे वर्ष में ब्राह्मण का, ग्यारहवें वर्ष में क्षत्रिय का तथा बारहवें वर्ष में वैश्य का उपनयन-संस्कार करे। विशेषकारणवश इस अवधि में न होने पर ब्राह्मण के संस्कार सोलह वर्ष तक, क्षत्रिय के बाईस वर्ष तक और वैश्य के चौबीस वर्ष तक करने की बात कही गयी है। यदि तीनों वर्ण इस अवधि के बीच अपना संस्कार सम्पन्न नहीं कर लेते थे तो वे उपनयन-शिक्षा तथा यज्ञ के अधिकारों से वंचित समझे जाते हैं।'

आज के युग में भी शिक्षा को राज्य की ओर से अनिवार्य बनाने की योजना उसी प्राचीन महनीय परम्परा की ओर संकेत करती है। उपर्युक्त उद्धरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य और अर्थात् पचहत्तर प्रतिशत लोग उस युग में शिक्षित ही नहीं होते थे, अपितु वे राष्ट्र में संस्कृत या संस्कारवान् कहलाने के अधिकारी भी होते थे। वर्णाश्रम-व्यवस्था भारतीय जीवन का मेरुदण्ड था। यह हमारे जीवन के उत्कर्ष की ध्वजा समझी जाती थी। कुछ आधुनिक शिक्षा के आलोक में भ्रान्त लोग इस व्यवस्था को हमारी सात सौ वर्षों की गुलामी का कारण बतलाने का साहस करते हैं। किंतु प्राचीन काल में जितने भी शक, हूण आदि विदेशी जातियों के आक्रमण हुए, उनसे सुरक्षित रखने की क्षमता इसी वर्णव्यवस्था में थी। इस वर्णाश्रम-धर्म को मानने वालों में स्वधर्म के प्रति गर्व और गौरव की भावना इतनी अधिक थी कि वे दूसरों की अपेक्षा अपने को श्रेष्ठ समझते थे।

पाश्चात्य चिन्तकों ने अपने ग्रन्थों में हृदय खोलकर इस उत्कर्ष के लिए भारतीयों की प्रशंसा की है। सिडनी ने अपने ग्रन्थ 'भारतीय अन्तर्दृष्टि' में कहा है कि 'हिन्दुओं ने विदेशी आक्रमणों तथा प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करने में जो शक्ति दिखलायी है, उसका कारण उनकी अजस्र, अमर और अजर वर्णाश्रम धर्म की व्यवस्था है।' इसी तरह सर लारेन्स ने अपनी पुस्तक 'भारतीय चिन्तन' में लिखा है- 'हिन्दुओं की जातीय संघ का काम किया है, जिससे उसे शक्ति मिली है और उसने विभिन्न वर्णों को सुसंगत रखा है।' गार्डीपर ने भी अपनी पुस्तक 'समाज के स्तम्भ' में लिखा है 'वर्णाश्रम धर्म ने भारतीय विश्वास तथा परम्पराओं को जीवन्त रखा है।' पश्चिम में आदर्शों के स्थान पर धन-दौलत को आधार माना गया है, जो बालू की दीवार की तरह अस्थिर है।

रामचरितमानस में वर्णित आदर्श जीवनमूल्य : एक विश्लेषण

डॉ० अवनीश चन्द्र पाण्डेय
प्रवक्ता, राजकीयकृत उच्च विद्यालय
भवनाथपुर, गढ़वा (झारखण्ड)

वर्तमान समय जटिल जीवनपरिस्थितियों और विचारसंकुलता का समय है। कला के क्षेत्र में, रचना के क्षेत्र में, संप्रेषण के क्षेत्र में, जीवनमूल्यों के क्षेत्र में और सामाजिक दायित्वों एवं कर्त्तव्य के क्षेत्र में सर्वत्र अराजकता किंकर्त्तव्यविमूढ़ता और चयन की समस्या एवं उलझाव की विकट स्थिति है। मनुष्य अपने जीवन के लक्ष्य और प्रगति के संसाधनों के बारे में भटकाव का सामना कर रहा है। विज्ञान और तकनीक के विकास में सभ्यता के कुछ समाधान तो अवश्य प्राप्त हुए हैं, परन्तु बाजारवाद या उपभोगवाद के चपेट में मानवसमाज में मूल्यहीनता जैसी नवीन सांस्कृतिक समस्यायें भी उत्पन्न हुई हैं। नये युग में मनुष्य अपनी प्रगति का मूल्यांकन करने पर यही पा रहा है कि वह सामाजिक संरचना के ध्वस्त होते हुए ढाँचे के बीच संकट और अंतर्द्वन्द्व की स्थिति में खड़ा है। ऐसे में पथप्रदर्शन और समाधान के लिए परम्परा की ओर, सांस्कृतिक थातियों की तरफ अधिक उम्मीद के साथ नयी पीढ़ी की आँखें लगी हुई हैं। नयी पीढ़ी के समक्ष जो सबसे विकट समस्या है, वह है संवेदनशीलता का क्षरण और मूल्यों, आस्था और सामाजिक सम्बन्धों के प्रति नकारात्मकता और नश्वरता का बोध। इस दृष्टि और आवश्यकता के अनुसार हमें रामचरितमानस और कामायनी जैसे श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों से समय और समाज के सापेक्षयुगीन समस्याओं से टकराने के लिए उपयोगी समाधान प्राप्त हो सकते हैं।

सामाजिक भावना और सह–अस्तित्व की अनिवार्य ऐतिहासिक आवश्यकता के फलस्वरुप मनुष्य संगठित हुआ और विविध सामाजिक संस्थाओं का विकास हुआ। उसने वैयक्तिक इच्छापूर्ति के संकुचित दायरे से निकलकर आत्मविस्तार प्रधान सहयोग, स्नेह, त्याग और समर्पण जैसी उदात्त संकल्पनाओं को व्यावहारिक रूप देने की कोशिश की। जैसे–जैसे सभ्यता का प्रसार हुआ वैसे–वैसे इन सामाजिक विचारों और मूल्यों को संरक्षित, पोषित तथा संवर्द्धित करने की चुनौती भी सामने आने लगी। वर्तमान जीवन के अन्तर्बाह्य संघर्षों और भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक विरासत के रूप में इन मूल्यों का हस्तान्तरण किस प्रकार संभव हो इसका सजग और सचेतन प्रयास कला और साहित्य के माध्यम से देने के महत् प्रयत्न भी किये।

साहित्य के इसी महत्त्व को ध्यान में रखकर भारतवर्ष में साहित्य सृजन और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की अपेक्षा कवियों और रचनाकारों से समाज ने की, और कवि भी इस कसौटी पर खरा

विचारधारा का विस्तार और असामाजिक जीवन-स्थितियों का प्रसार अविश्वसनीय रूप से हुआ है। ऐसे में मनुष्य और मानवता के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है। व्यक्तिवादी, एकांतिक संकीर्ण मूल्यों यथा आत्ममोह, आत्मलीनता, स्वार्थपरता और व्यक्तिगत लाभ-लोभ से प्रेरित समझदारी उसे नृशंसता के किसी भी स्तर को पार करने की क्षमता प्रदान करती है जो सम्पूर्ण सामाजिक संरचना और मानव मात्र के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है।

साहित्य मानववृत्तियों का उचित परिष्कार करता है और उसकी भावनाओं का शोधन कर विवेकशीलता का विकास करने में सहायकता प्रदान करता है। समर्थ रचनाकार ऐसे ही बृहद् उद्देश्य को लेकर सृजन में तत्पर होता है। आज जब आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी से भौतिक सुख-सुविधाओं और विलास के संसाधनों का ढेर लगा दिया है, व्यक्ति बाजार के दबाव में मनुष्य से उपभोक्ता के रूप में बदल रहा है और सब कुछ भोग लेने की व्यक्तिवादी सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है, अनैतिकता और अनाचार को सैद्धान्तिक रूप में आधुनिक जीवन-शैली का हिस्सा बनाया जा रहा है। ऐसे में रामचरितमानस एक जबर्दस्त प्रतिरोधक शक्ति को लेकर हमारे सामने उपस्थित होता है। माता, पिता और और गुरु को ईश्वरत्व प्रदान करते हुए उनके प्रति सेवाभाव और सम्मान प्रदर्शित करने की भावना विश्व के अन्य किसी साहित्य में सांस्कृतिक रचना कर्म में अपना जोड़ नहीं रखती है।

भारतीय परम्परा में गुरुएक मानवीय व्यक्ति न होकर उन समस्त नैतिक और आदर्श जीवन-मूल्यों का प्रकाशपुंज होता है जो अपने ज्ञान, तप, सदाचरण और कर्म द्वारा मनुष्य की संपूर्ण क्षुद्रताओं और कमियों का परिहार करते हुए उसे देवत्व की पूर्णता प्रदान करने के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

गुरु के इसी महत्व की ओर संकेत करते हुए गोस्वामी जी रामचरितमानस में उसे अत्यंत श्रद्धा-भक्ति के साथ स्मरण किया है-

बंदउँ गुरुपद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।
अमियमूरिमय चूरन चारू। समन सकल भवरुज परिवारू।।
सुकृत संभु तन बिमल विभूती। मंजुल मंगल मोद प्रसूती।।
जनमन मंजु मुकुल मल हरनी। किए तिलक गुनमन बस करनी।।
श्रीगुरुपद नख मनिगन जोती। सुमिरत दिब्य दृष्टि हिय होती।।
दलम मोह तम सो सप्रकासू। बड़े भाग उर आवइ जासू।।
उघरहिं बिमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुख भव रजनी के।।
सूझहिं रामचरित मनि मानिक। गुपुत प्रकट जहँ जो जेहि खानिक।।[४]

'गुरु' पद की इतनी वर्तमान समय की पथभ्रष्ट पीढ़ी से अधिक भला कौन समझ सकता है। गुरु के महिमामण्डित और आदर्श (Ideal) रूप का दुर्लभ संयोजन तुलसी ने किया है जो संपूर्ण विश्वसाहित्य में दुर्लभ और स्पृहणीय है।

'गुरु' का व्यक्तित्व पद्म (कमल) की तरह निर्लिप्त और पराग की तरह सत्त्वसम्पन्न होना चाहिए। 'पराग' पुरुष की परिकल्पना की निष्पत्ति है। गुरु कुरुचि वाला, भेदभाव और पक्षपाती नहीं, सुरुचि वाला

मनोरंजन के तमाम साधनों के उपलब्ध होते हुए भी तनाव और अवसाद बढ़ रहा है इसके मूल में विकृत जीवन–शैली और सामाजिक सम्बन्धों के स्थान पर व्यक्तिगत स्वार्थ है।

रामचरितमानस में इस समस्या को तुलसीदास ने बड़ी संजीदगी के साथ प्रस्तुत किया है। भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में तुलसी अपने अध्ययन और चिंतन से इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि परिवार और विवाह जैसी सामाजिक संस्थाओं की गिरती हुई स्थिति तथा नर–नारी सम्बन्धों में पारस्परिकता का अभाव ही सभी सामाजिक समस्याओं के मूल में है।

राजनैतिक और आर्थिक परिवर्तनों से भारतीय समाज उतना नहीं परिवर्तित हुआ जितना सांस्कृतिक उथल–पुथल और संशय के वातावरण से। मध्यकाल में स्त्री के प्रति भोगवादी दृष्टि और उसके व्यक्तित्व का लोप करते हुए वस्तु की तरह देखने की प्रवृत्ति ने सबसे ज्यादा अराजकता फैलायी।

रामचरितमानस में पारिवारिक सम्बन्ध और सामाजिक सम्बन्ध दोनों की तत्कालीन स्थिति और आदर्श रूप बड़ी अच्छी तरह से उभरकर सामने आता है। पिता–पुत्र, भाई–भाई, पति–पत्नी, गुरु–शिष्य, माता–पुत्र, मित्र और सेवक–स्वामी और शत्रुतायुक्त सम्बन्ध भी एक सुव्यवस्थित सामाजिक ढाँचे में ढ़ालकर तुलसी के रामचरितमानस में उदात्त रुप में प्रदर्शित हुए हैं। दैव और आसुर संस्कृतियों के संघर्ष के बीच मानवीय–सम्बन्ध इस तरह से निखर कर चित्रित हुए हैं कि अच्छे और बुरे, नैतिक–अनैतिक, शुभ–अशुभ द्वंद्वों से ऊपर एक आदर्श स्थापित करते हैं। एक ओर श्रीराम को लक्ष्मण और भरत जैसा भाई मिलता है तो रावण को कुंभकर्ण जैसा भाई, मेघनाद जैसा पुत्र, मन्दोदरी जैसी पत्नी प्राप्त होती है। अपने आसुरी स्वभाव और अत्याचारी व्यक्तित्व के बावजूद रावण के प्रति उसके सम्बन्धियों की निष्ठा का चित्रण करते हुए तुलसी ने यह दिखाया कि कैसे रक्त–सम्बन्ध उत्तरदायित्वपूर्ण आचरण के नियामक होते हैं लेकिन रावण के मिथ्या और वासना के प्रति दुराग्रह के कारण नष्ट हो जाते हैं।

एक तरफ राम के लिए भरत राजसिंहासन ठुकरा देते हैं, लक्ष्मण और सीता उनके साथ वन जाते हैं राम स्वयं आदर्श पुत्र और पति के चरम को स्पर्श करते हैं, वहीं बालि अपने भाई सुग्रीव की पत्नी को अपने अधीन रखकर अमर्यादित चरित्र प्रस्तुत करता है और रावण परनारी के प्रति दूषित दृष्टि और हरण करने के अन्यायी प्रवृत्ति के कारण सम्पूर्ण राक्षस कुल के साथ, देवदुर्लभ ऐश्वर्य–वैभवपूर्ण साम्राज्य के साथ विनाश को प्राप्त होता है।

तुलसी ने पारिवारिक यथार्थ और उसके भीतर चलने वाले आन्तरिक द्वन्द्वों और टकराहट को अपने परिवेश में एक बड़ी समस्या के रूप देखा था। सामाजिक विघटन और निष्क्रिय राजसत्ता के बीच धर्म के नाम पर जो अनैतिक कर्म और भ्रष्टाचरण बढ़ गया था उसे अपनी संवेदनशील विवेक–दृष्टि और समस्त आलोच्य ज्ञान–साधनाओं के विवेचन से इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि परिवार को सुधार का केन्द्र बनाकर ही एक नवीन आदर्श की स्थापना हो सकती है, जो भारतीय परम्परा और परिवेश के अनुकूल होगी।

परिवार के भीतर मानवीय संबंधों के उज्ज्वल आदर्श, जो स्वस्थ व सुन्दर समाज के निर्माण हेतु वांछनीय है, उनका एक सुसंस्कृत रूप रामचरितमानस में यत्र–तत्र उपस्थित है। हमारा देश कृषिप्रधान देश है, यहाँ का दर्शन कर्मयोगप्रधान है और संस्कृति कर्मनिष्ठा प्रधान है, ऐसे उद्योगी समाज में एक आदर्श

अस्थि समूह देखि रघुराया। पूछी मुनिन्ह लागि अति दाया।।
जानतहूँ कस स्वामी। समदरसी तुम्ह अतंरजामी।।
निसिचर हीन करउँ महि, भुज उठाइ पन कीन्ह।
सकल मुनिन्ह के आश्रमहि जाइ जाइ सुखदीन्ह।।[८]

राम का यह लोकतांत्रिक चरित्र जन-जागरण, संगठन और सामन्ती विचारधारा के विरुद्ध क्रान्ति का सूत्रपात कर प्रथम बार उपेक्षित हाशिये के समाज के हितों और व्यापक सुख-दुःखों से जुड़ता है। यह अरण्यकांड का प्रसंग राम के भीतर उस नैसर्गिक मानवीय चेतना की स्पष्ट झलक है जो सीताहरण के पूर्व ही बिना किसी व्यक्तिगत टकराव के अपने-अपने निजी सम्बन्धों और स्वार्थों से नितान्त भिन्न उद्देश्य से पीड़ित मानवता के उत्थान हेतु संकल्पबद्ध होती है। यह एक जमीन से जुड़े सच्चे नेतृत्वकर्ता की सम्पूर्ण कर्मज्ञता का सजीव, सचेतन चित्र है, जो सत्तापक्ष से जुड़ा होकर भी आम जनता की समस्याओं के प्रति सच्ची चिन्ता रखता है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी 'साहित्यकारों का दायित्व' निबन्ध में लिखते हैं-

हमारी राजनीति, हमारी अर्थनीति और हमारी नवर्निमाण की योजनाँए तभी सर्वमंगलविधायिनी बन सकेंगी जबकि हमारा हृदय उदार और संवेदनशील होगा। बुद्धि सूक्ष्म और सारग्राहिणी होगी और संकल्प महान् और शुभ होगा। यह काम केवल उपयोगी और व्यवहारिक साहित्य के निर्माण से ही नहीं हो सकेगा। इसके लिए साहित्य के उन सुकुमार अंगों के व्यापक प्रचार की आवश्यकता होगी जो मनुष्य के सुख-दुःख के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। हमारा काव्य-साहित्य कथा आख्यायिका और नाटक-साहित्य ही हमें ऐसी सहृदयता दे सकते हैं। साहित्य का यह अंग केवल वाग्विलास का साधन नहीं होना चाहिए, उसे मनुष्यता का उन्नायक होना चाहिए। जब तक मानव मात्र के मंगल के लिए इन्हें नहीं लिखा जाता, तब तक ये अपना उद्देश्य सिद्ध नहीं कर सकेंगे। इस बात के लिए यह भी आवश्यक है कि जीवन के प्रति हमारी जो परंपरालब्ध दृष्टि है, वह स्पष्ट और सतेज हो।[९]

***

संदर्भ-

१. परम्परा का मूल्यांकन, रामविलास शर्मा, पृ० ८८
२. मार्क्सवादी साहित्य चिन्तन, शिवकुमार मिश्र, पृ० ३६९
३. भक्ति काव्य का समाज दर्शन, प्रेमशंकर, पृ० १७०
४. रामचरितमानस बालकाण्ड, दोहा- १/१,२,३,४
५. कालकाण्ड- दोहा २०५/४/२
६. उत्तरकाण्ड- २४/३-४
७. उत्तरकाण्ड, दोहा- ८/३-४
८. रामचरितमानस बालकाण्ड, दोहा- १/१,२,३,४
९. साहित्यकारों का दायित्व, हजारी प्रसाद द्विवेदी अशोक के फूल, पृ०- १३२- १३५

***

स्वामी श्रीकरपात्रीजी का जन्म उत्तर-प्रदेश के प्रतापगढ़ पनजद के भटनी ग्राम में श्रावण शुक्ला द्वितीया को सं० १९६४ वि० (सन् १९०७) में हुआ। इनके पूर्वज गोरखपुर जनपद के ओझौली ग्राम के निवासी थे। स्वामीजी सरयूपारीण ब्राह्मण थे। बाल्यावस्था में आपका नाम हरनारायण था। सन्यास के उपरान्त आप ने हरिहरानन्द सरस्वती नाम धारण किया। किन्तु आप बाद में करपात्री स्वामी के नाम से विख्यात हुए। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा विद्वान् पिता पण्डित रामनिधि ओझा के संरक्षण में हुई। नरवर में आपने सांगवेद विद्यालय में श्रीजीवदत्त महाराज के श्रीचरणों में बैठकर देववाणी संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ किया। यहीं पर स्वामी विश्वेश्वरानन्द महाराज के संरक्षण में रहकर आपने व्याकरण एवं दर्शन का गम्भीर अध्ययन किया। आपने हरिचेतन नाम से पर्वतराज हिमालय की हिमाच्छादित उपत्यका में बैठकर अनेक वर्षों तक घोर तपस्या की।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।[३]

इसी प्रतिज्ञा का अनुगमन करपात्री स्वामीजी ने भी किया। धर्म की रक्षा के लिए आपने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इसके लिए आपने धर्मसंघ नामक संस्था स्थापित की। भारत में धर्म का प्रचार करने तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए करपात्री जी ने सन् १९४० ई० में धर्मसंघ की स्थापना की। धर्मसंघ के दो विभाग हैं- १. शैक्षणिक विभाग तथा २. राजनैतिक विभाग

शैक्षणिक विभाग के अन्तर्गत धर्मसंघ के विस्तृत परिसर में ही एक संस्कृतपाठशाला की स्थापना की गयी। इस पाठशाला में व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, वेद, विविध शास्त्रों का अध्यापन आचार्य कक्षा तक होता था। करपात्रीजी के इस पवित्र कार्य में स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी, पं० विजयानन्द त्रिपाठी तथा महामहोपाध्याय पं० गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ने प्रचुर योगदान किया था। इन विद्वानों की सहायता से करपात्री जी के द्वारा संस्थापित शिक्षामण्डल का कार्य सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। इन पाठशालाओं की स्थापना से वेदविद्या का प्रचार देश भर में हो रहा है।

धर्मसंघ का दूसरा अंग राजनैतिक विभाग का कार्य है। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार इस देश में राज्य संचालन हो, इस उद्देश्य से स्वामीजी ने 'रामराज्य-परिषद्' नामक संस्था की स्थापना सन् १९५२ ई० में की थी। इस संस्था का एकमात्र लक्ष्य इस देश में रामराज्य की स्थापना है। 'रामराज्य' से करपात्री जी का अभिप्राय देश में पक्षपातरहित, न्यायपरायण, धार्मिक शासन की स्थापना करना था। इसी अभिप्राय से स्वामीजी ने धर्मसंघ की स्थापना की थी।

स्वामी करपात्री जी ने अपने धार्मिक तथा राजनैतिक विचारों के लिए 'सन्मार्ग' नामक दैनिक समाचारपत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया। इस पत्र के द्वारा स्वामीजी के विचारों का प्रचार देश में किया जाता है। यह पत्र आजकल काशी और कलकत्ता दोनों स्थानों से प्रकाशित होता है। इन्होंने कुछ दिनों तक 'सिद्धान्त' नामक साप्ताहिक पत्र का भी प्रकाशन किया था जो अनेक वर्षों तक चलता रहा। वेदमार्ग के प्रचार-प्रसार के निमित्त किये गये आपके कार्य निसन्देह अतुलनीय हैं। सायण, उव्वट, महीधर, स्कन्दस्वामी वेंकटमाधव से प्रारम्भ वेदभाष्य की परम्परा की पूर्ण परिणति धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी महाराज में होती है। अपने कलिकाल के

बल पर की गयी है। आपका यह ग्रन्थ राधकृष्ण प्रकाशन संस्थान, कलकत्ता से १९८० ई० में प्रकाशित है।

वेदस्वरूपविमर्श- स्वामी करपात्रीजी ने वेद के विशुद्ध स्वरूप का परिचय देने के लिए तथा परम्परागत वेद-प्रामाण्य की मीमांसा के लिए इस महनीय ग्रन्थ का निर्माण किया। तर्क-वितर्क वाली शास्त्रीय पद्धति में निबद्ध होने वाला यह ग्रन्थ विस्तार के साथ वैदिक तत्त्वों का उन्मीलन करता है। इस ग्रन्थ में चार अध्याय या विमर्श हैं- १. वेदस्वरूपविमर्शः २. वेदप्रमाण्यविमर्शः ३. वेदापौरुषेयत्वविमर्शः और ४. ब्राह्मणानां वेदत्वविमर्शः। प्रथम विमर्श में वेद शब्द की निरुक्ति, वेद की अनन्तता, यज्ञमीमांसा आदि विषयों का विवेचन कर वेद में विज्ञान और इतिहास का अन्वेषण करने वाले विद्वानों का खण्डन सविस्तार किया गया है। द्वितीय विमर्श में वेद के नित्यत्व तथा स्वतः प्रमाण के सिद्धान्त का निरूपण है। अन्त में वेदाध्ययन के अधिकारी का निरूपण है। तृतीय विमर्श में वेद के अपौरुषेयत्व के सम्बन्ध में गम्भीर विचार हैं। अन्त में वैयाकरणों के वेद विषयक सिद्धान्तों का प्रतिपादन गम्भीरता के साथ हुआ है। चतुर्थ विमर्श में अत्यन्त ऊहापोह के साथ दिखाया गया है कि ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् श्रुति का अविभाज्य अंग है। यह ग्रन्थ ५४० पृष्ठों में रचित है। ग्रन्थ का प्रकाशन भक्तिसुधासाहित्य परिषद् , कलकत्ता से १९६९ ई० में हुआ है।

वेद-प्रमाण्य-मीमांसा- वेदस्वरूपविमर्श ग्रन्थ के द्वितीय विमर्श के वर्ण्य के सामग्री ही कुछ अधिक विस्तार के साथ वेद-मीमांसा नामक इस लघु पुस्तिका में वर्णित है। विपुलता के कारण इसे स्वतंत्र रूप दिया गया है।

वेदविद्या के यथार्थ स्वरूप से बोध कराने की दिशा में स्वामीजी के द्वारा रचित वेदविषयक ये तीनों ग्रन्थ अत्यन्त उपादेय सिद्ध हुए हैं।

वर्तमान युग में भौतिकवाद के झंझावात से डाँवाडोल होने वाले वैदिक धर्म के संरक्षण परिबृंहण तथा प्रस्थान के निमित्त स्वामीजी ने जो अश्रान्त अदम्य प्रयासों का संचार किया उनका सुफल हमारे समक्ष विद्यमान है। उन्होंने भौतिकवाद के प्रबल झंझावत से सनातनधर्म की रक्षा कर देश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण की सर्जना की, श्रौत-स्मार्त पद्धतियों से परिपूर्ण यज्ञों के अनुष्ठान की परम्परा का श्रीगणेश किया और शास्त्र एवं धर्म की मर्यादा को उच्चतम शिखर पर पहुँचा दिया। 'सर्ववेदशाखा-सम्मेलनों' के माध्यम से उन्होंने देश में वैदिक धर्म की पुनः स्थापना की। वेदों की अपौरुषेयता, उनका प्रामाण्य एवं उनकी सनातन उपयोगिता को सिद्ध कर स्वामीजी ने वेदों के प्रति लोगों की श्रद्धा उत्पन्न की। वैदिक पद्धति को जीवनयापन का मार्ग बनाया तथा सनातनधर्म की ज्योति को सदा-सर्वदा के लिए आलोकित कर दिया। उनका व्यक्तित्व बड़ा विशाल था। वे जनकल्याण में निरन्तर संलग्न महामनीषी थे। वे वास्तव में ही धर्मसम्राट् थे। उनके लोकातीत कार्यों का मूल्यांकन भविष्य की पीढ़ियाँ अत्यन्त आदर और सम्मान से करती रहेंगी।

***

षोडश संस्कार और आधुनिक भारतीय समाज

डॉ० उमा सिंह
प्रवक्ता– संस्कृत,
महाराजा बिजलीपासी राजकीय स्नातक महाविद्यालय,
आशियाना, लखनऊ

व्यक्ति तथा समाज दोनों ही एक–दूसरे के पूरक हैं। समाज का साधारण अर्थ है ''व्यक्तियों का समूह'' अर्थात् हम कह सकते हैं कि एक समुदाय में एक साथ रहकर, पारस्परिक सहायता करते हुए आपसी सम्पर्क और सौहार्द को बनाये रखना ही एक सभ्य समाज की पहचान है।

भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से ही एक सभ्य समाज के निर्माण पर बल दिया गया है अत: समाज का निर्माण करने वाले व्यक्ति के लिए हमारे भारतीय मनीषियों द्वारा संस्कारों की व्यवस्था की गयी। धर्मशास्त्र के अनुसार– **जन्मना जायते शूद्रः संस्कारद् द्विज उच्च्यते।** अर्थात् व्यक्ति जन्मना तो शूद्र जैसा होता है संस्कारों द्वारा परिष्कृत होकर वह द्विज कहलाता है। जिस प्रकार हीरा, सोना इत्यादि परिष्कृत होकर अत्यधिक शोभा को प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार मनुष्य भी षोडश संस्कारों द्वारा परिष्कृत होकर विशिष्ट गुणों को प्राप्त कर महानतम बन जाता है और एक सभ्य, उन्नत और विशिष्ट समाज के निर्माण में सहायक होता है।

वस्तुत: व्यक्ति के पूर्व जन्मों एवं वंशानुक्रम से प्राप्त दुर्गुणों को मिलाकर उसमें सद्गुणों के स्थापन क्रिया की प्रक्रिया को ही 'संस्कार' कहते हैं। मानवजीवन को सुखमय, अनुशाशित और सुचारु ढंग से चलाने हेतु संस्कारों की परिकल्पना की गयी क्योंकि शारीरिक, अध्यात्मिक व मानसिक रूप से परिष्कृत व्यक्तियों द्वारा ही स्वस्थ समाज का निर्माण सम्भव है। किसी भी समाज की उन्नति और अवनति का बोध संस्कारों द्वारा होता है अत: संस्कार समाज को एक सूत्रता में बांधने का कार्य करते हैं।

मानवजीवन में जन्म से मृत्युपर्यन्त जिन संस्कारों की व्यवस्था संस्कृति में की गयी है वे किस प्रकार मनुष्य को परिष्कृत कर वैयक्तिक और सभ्य सामाजिक जीवन का निर्माण करते हैं, इन्हीं विषयों पर प्रस्तुत शोध पत्र में प्रकाश डाला जायेगा।

भूमण्डलीकरण की व्यापकता से भारतीय संस्कृति भी अछूती नहीं है। **वैसुधैव कुटुम्बकम्** की भावना से ओत–प्रोत भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाववश वर्तमान मशीनी युग में कहीं 'सर्वे भवन्तु

पोषण और विकास किया है। इस भूमि पर विविध जातियाँ मिली हैं, लड़ी हैं, भाई-भाई की तरह रहीं हैं। वे सभी मानों उसको रुधिर में घुल-मिल गयी हैं। समय-समय पर अपनी प्रभुता के लिए संघर्ष होते रहे हैं लेकिन सभी संस्कृतियाँ यहाँ आत्मसात हो चली गयीं हैं। इस देश के लिए विदेशी जातियाँ एवं विदेशी मान्यतायें दोनों ही लाभकर एवं अनुकूल तत्व सिद्ध होती रही हैं। उनके संघर्षों के फलस्वरुप नये संश्लेषण हुए हैं जिनसे मानव-आत्मा ने उपलब्धियों के नये स्तरों का स्पर्श किया है। युद्ध और महामारी की एक के बाद एक सदियाँ आयीं और गयीं, फिर भी यह देश जीता जागता रहा। प्रकृति के उपद्रवों और मानवों के कुशासन पर उसने विजय पायी। ध्वंश व काल को चुनौती देने वाली यह प्राणवत्ता उसमें कहाँसे आई, यह बुद्धिमत्ता कहाँ से आई जो विरोधी सत्यों में समन्वय स्थापित कर लेती है। इस प्राणवत्ता एवं इस बुद्धिवत्ता एवं इस बुद्धिमत्ता के रहस्य का उद्घाटन भारतीय संस्कृति की कहानी से होता है। यह कहानी है एकता और संश्लेषण की, यह कहानी है समन्वय और विकास की, यह कहानी है पुरानी परम्पराओं और नये मूल्यों के सामंजस्य की।[४]

जब विश्व की अधिकांश संस्कृतियाँ अविकसित अवस्था में थीं उस समय भारतीय सभ्यता व संस्कृति अपनी चरम अवस्था में विद्यमान थी। तत्कालीन समाज को सुचारु रुप से चलाने के लिए हमारे मनीषियों द्वारा वर्णव्यवस्था, आश्रम, संयुक्त परिवार, विवाह, पंचायत व्यवस्था, धर्म, कर्म के सिद्धान्त व पुरुषार्थ जैसे सामाजिकविषयक संगठनविषयक तत्त्वों की व्यवस्था की गयी थी जिनमें परम्परागत हमारे पुराने रीति-रिवाज, पुरानी मान्यतायें, पुराने निषेध, पुरानी संस्थायें व संस्कार हमारे गौरव के प्रतीक रहे हैं।

परिवर्तन प्रकृति का सतत नियम है अत: समय के साथ-साथ भारतीय समाज की प्रकृति व ढांचे में भी परिवर्तन हुआ है। वर्ण व्यवस्था, संस्कृतिकरण, आधुनिकीकरण व पश्चिमीकरण के फलस्वरूप जो भारतीय समाज व संस्कृति धार्मिक, पारलौकिक व परम्परागत व्यवहार रूप में विद्यमान थी उसमें तार्किकता व व्यवहारिकता का समावेश हो गया। जिन परम्पराओं व पद्धतियों को पारलौकिक या धार्मिक समझा जाता था अब उन्हें लौकिक समझा जाने लगा और धीरे-धीरे उनका ह्रास हाने लगा।

भारतीय समाज में वर्णव्यवस्था, आश्रमव्यवस्था, पुरुषार्थ, षोडश संस्कार इत्यादि जो विशिष्ट व्यवस्थायें की गयी थीं वे मानव के सर्वांगीण विकास के लिए थीं। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में संस्कार की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह एक सामाजिक व धार्मिक अवधारणा है जो व्यक्ति के नैतिक, आत्मिक, आध्यात्मिक विकास व शुद्धिकरण से जुड़ी हुई है।

मानव केवल जन्मजात मानव नहीं होता बल्कि उसमें मानवताविषयक गुणों की अभिवृद्धिहेतु संस्कारों की आवश्यकता होती है इसलिए मनुष्य को द्विज कहा गया है- **द्वभ्यां जन्मसंस्काराभ्यां जायते इति द्विजः।** अत: षोडश संस्कार ही हैं जिसमें वैदिक मंत्रों से अभिमंत्रित क्रियाओं से युक्त व्यक्ति पापरहित, सद्गुणो से युक्त, निर्मलबुद्धि व वेदादिशात्रियों के अध्ययनयोग्य होकर लोककल्याणकारी बन जाता है। मनुस्मृति में कहा गया है-

वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम्।
कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह यः।।

का प्ररोह, कोमल कली आदि के रस को देने से दीर्घायु वंशवृद्धिकारक, परोपकारी, आश्रयदाता व दीर्घजीवी संतान होती है। सामवेद मंत्र ब्राह्मण में कहा गया है–

पुमानग्निश्च वायुश्च पुमान् गर्भस्त्वदोदरे।
पुमांसं पुत्रं विन्दस्व तं पुमाननु जायताम्।।[१०]

अर्थात् अग्नि और वायं तेरे उदर में गर्भ को पुष्ट करें और तू पुत्र को प्राप्त हो।

सीमन्त अर्थात् केश (माँग) का उन्नयन। यह गर्भधारण के क्रम में संस्कार की तृतीय प्रक्रिया है जो गर्भ के छठें या आठवें मास में जब चन्द्रमा शुक्ल पक्ष मे ंपुरुषवाची नक्षत्र में हो, की जाती है। इसमें भी मानसिक बल हेतु यज्ञ और मंत्रोच्चार तथा गर्भ की पुष्टि हेतु कुछ रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया जाता है। सिर की पाँच सन्धियों को सीमन्त कहते हैं। उसमें चोट लगने से मनुष्य उन्मत्त हो जाता है अत: इन्हें प्रकाशित करना अभीष्ट है। यहाँ गर्भिणी की समस्त इच्छायें पूर्ण करने की बात कही गयी है क्योंकि इन्द्रिय संतुष्ट नहीं होती उस विषय में हीन भावना लिए संतान उत्पन्न होती है। इस संस्कार का केवल सामाजिक और औत्सविक महत्त्व है क्योंकि गर्भिणी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है।

जन्म के उपरान्त बालक का जातकर्म संस्कार किया जाता है–

दशतासाञ्छशयान् कुमारो अधिमातरि।
निरैतु जीवो अक्षतो जीवो जीवन्त्या अधि।।[११]

अर्थात् दस मास तक माता के उदर में सोने वाला कुमार प्राणधारण करता हुआ माता के विना किसी दु:ख के बाहर निकले। इस संस्कार के अन्तर्गत बालक की जिह्वा पर स्वर्णशलाका को शहद में भिगोकर 'ओम' लिखा जाता है। स्वर्ण का सम्पर्क रूपवृद्धि तथा शहद स्वास्थ्यवृद्धि के हेतु दिया जाता है।

नामकरण संस्कार शिशु के नाम रखने से सम्बन्धित है। मरणोपरान्त जातक का नाम ही अवशिष्ट रहता है। अत: ग्रह नक्षत्रों की स्थिति उसकी स्वरूपाकृति तथा गुण–दोषों के आधार पर नाम रखने का विधान था। मनु ने इस विधान के विषय में कहा है–

मङ्गल्यं ब्राह्मणस्य स्यात्क्षत्रियस्य बलान्वितम्।
वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य तु जुगुप्सितम्।।
शर्मवद्ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षासमन्वितम्।
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रैष्यसंयुक्तम्।
स्त्रीणां सुखोद्यमकरं विष्पष्टार्थं मनोहरम्।
मंगल्यं दीर्घवर्णान्तमाशीर्वादाभिधानवत् ।।[१२]

अन्नप्राशन संस्कार छठें मास में किया जाता है। इसमें बालक के विकासशील शरीर के लिए ठोस आहार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हल्का, सुपाच्य अन्न दिया जाता है। इस संस्कार से इन्द्रियाँ पुष्ट शरीर, मन, बल, बुद्धि में वृद्धि तथा गर्भस्थित जन्मदोष नष्ट होते हैं।

चूणाकरण संस्कार जन्म के एक या तीन वर्ष या विषम वर्षों में किया जाता है। इसे मुण्डन संस्कार भी

पुत्र जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, अन्त्येष्टि, अन्नप्राशन, मुण्डन, उपनयन, समावर्तन आदि संस्कार अभी भी प्राय: सर्वत्र प्रचलित हैं किन्तु गर्भाधन, पुंसवन, सीमन्त, जातकर्म आदि समाप्तप्राय हो चुके हैं। प्रचलित संस्कार भी सविधि न होकर प्रदर्शन मात्र रह गये हैं।

संस्कार मनुष्य में सद्गुण व मानवता के विकास के हेतु हैं। आज इनके लुप्त हो जाने के कारण बालकों में सद्गुणों का अभाव तथा उद्ण्डता के दर्शन होते हैं। सत् , रज एवं तम गुणों से युक्त मानव में संस्कारों द्वारा सात्त्विक गुणों का विकास होता था किन्तु अब राजसिक व तामसिक गुणों के प्राबल्य के कारण आसुरी एवं पाशविक वृत्तियों की प्रधानता देखी जा रही है। इन्हीं वृत्तियों की अधिकता के कारण न चाहते हुए भी व्यक्ति अनैतिक व समाजविरोधी कार्यों की ओर उन्मुख हो रहा है।

संस्कारों के द्वारा व्यक्ति के संस्कृति के मूलभूत सिद्धान्तों को समझना सरल हो जाता है। संस्कारों द्वारा मानवजीवन के मूल्यों व प्रतिमानों का अभ्यास कराया जाता है। अभ्यास के द्वारा मानव अपने आप को सामाजिक मान्यताओं के अनुकूल बना लेता है। इस प्रकार संस्कार व्यक्ति के सामाजीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्कारों में प्रयुक्त विभिन्न उपादान यथा- अग्नि, जल एवं मन्त्र अशुभनाशक होते हैं जो परिवार, व्यक्ति और समाज की रक्षा करते हैं।

संस्कारों द्वारा व्यक्ति का शारीरिक, बौद्धिक एवं सामाजिक परिष्कृत, परिशुद्ध व पवित्र होता है। संस्कारों द्वारा सत्कर्मों पर बल दिया जाता है। **डॉ० राजबली पाण्डेय के अनुसार- ''संस्कार एक प्रकार से आध्यात्मिक शिक्षा के लिए क्रमिक सीढ़ियों का कार्य करते हैं। उनके द्वारा संस्कृत व्यक्ति यह अनुभव करता है कि सम्पूर्ण जीवन वस्तुतः संस्कारमय है और सम्पूर्ण दैहिक क्रियायें आध्यात्मिक ध्येय से अनुप्राणित हैं। यही वह मार्ग था जिसके द्वारा क्रियाशील जीवन का समन्वय आध्यात्मिक तथ्यों के साथ स्थापित किया जाता था।''**[१७]

संस्कारों के द्वारा सामाजिक स्थिति को प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति जन्मना शूद्र सदृश कहा गया है। वह शास्त्रानुसार संस्कारों द्वारा शुद्ध होकर द्विज कहलाता है। यज्ञोपवीत संस्कार द्वारा वह द्विज की स्थिति, विवाह संस्कार द्वारा पति-पत्नी की स्थिति को प्राप्त कर गृहस्थ जीवन को प्राप्त कर यौन सम्बन्ध स्थापित करने का अवसर प्राप्त करता है। अंगिरा कहते हैं- **संस्कारों से तेजस्विता, ब्राह्मणत्व प्रस्फुटित होता है-**

चित्रं कर्मयथानकैः प्रगैरुन्मील्यते शनैः।
ब्राह्मण्यमपि तद्वत्त स्मात् संस्कारैर्विधिपूर्वकैः।।[१८]

हारीत कहते हैं- **गर्भाधनवदुपेतो ब्रह्म गर्भं सन्दधाति, पुसंवात् पुंसीकरोति, जलस्नपनात् पितृजं पाप्मानमपोहति, जातकर्मणा प्रथमींपोहति, नामकरणेन द्वितीयं चूणाकरणेन चतुर्थः, स्नानेन पञ्चत्वम् । एतैगा संस्कारैर्गामोपाघात् पूतो-भवति।**[१९] मनुस्मृति में कहा गया है-

मातुरग्रेऽधिजननं द्वितीयं मौञ्जीबन्धने।
तृतीयं यज्ञदीक्षायां द्विजस्य श्रुतिचोदनात्।।[२०]

१६. अथर्ववेद, १८/२/३४
१७. डॉ० राजबली पाण्डेय, पुनरुद्धृत डॉ० गणेश पाण्डेय, भारतीय सामाजिक संस्थाएं, (राधा पब्लिकेशन), २००४ पृष्ठ १४७।
१८. अंगिरा, पुनरुद्धृत डॉ० उमारमण झा, भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिकता, (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ), २००२, पृष्ठ ६४।
१९. हारीत, पुररुद्धृत डॉ० उमारमण झा, भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिकता, (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ), २००२, पृष्ठ ६४।
२०. मनुस्मृति, २/१६९
२१. डॉ० राजबली पाण्डेय, पुनरुद्धृत डॉ० गणेश पाण्डेय, भारतीय सामाजिक संस्थाएं, (राधा पब्लिकेशन), २००४ पृष्ठ १४०।

***

नाट्यशास्त्र के पंचम अध्याय में पूर्वरङ्ग के अठारह अंग बताये गये हैं। इनमें से नौ तो परदे के अन्दर किये जाने वाले हैं, तथा नौ परदा खुलने के उपरान्त। परदे के अन्दर किये जाने वाले पूर्वरङ्ग के अंग अधोलिखित है–

१. प्रत्याहार, २.अवतरण, आरम्भ, आश्रावणा[२], वक्तृपाणि, परिघट्टना, संघोटना, मार्गासारित तथा आसारित। इनके अतिरिक्त परदा खुलने के उपरान्त होने वाले पूर्वरङ्ग के अंग अधोलिखित है– उत्थापन, परिवर्तन, नान्दी, शुष्कावकृष्ता, रंगद्वार, चारी, महाचारी, त्रिक तथा प्ररोचना।

नाट्यशास्त्र बाद्ययन्त्रो के विधिवत् स्थापना को प्रत्याहार कहता है। गायकों के बैठने की व्यवस्था को यहाँ अवतरण कहा गया है। वाद्ययन्त्रों के स्वर मिलाकर उनमें सामंजस्य लाने को ही आश्रावणा कहा गया है। वाद्यों की विविध वृत्तियों अर्थात् शैलियों को विभक्त करने के लिये वक्तृपाणि का प्रयोग किया जाता है। तन्त्री आदि वाद्य–यन्त्रों को ओज:पूर्ण बनाने के लिए परिघट्टना का विधान है। तन्त्री अर्थात् वीणा में अंगुलियाँ चलाने की संघोटना कहते हैं। तन्त्री तथा भाण्ड वाद्यों के साथ–साथ प्रयोग को मार्गसारित कहा जाता है। कलापात के लिए की जाने वाली क्रिया को आसरित कहा गया है।

यवनिका के उठाने तथा नान्दी–पाठ करने वालों के प्रवेश को नाट्यशास्त्र में उत्थापन कहा गया है। चारों दिशाओं में धूम–धूम कर लोकपालों की वंदना किये जाने को ही परिवर्तन कहा गया है। देवता, ब्राह्मण तथा राजा आदि के आशीर्वचनों से युक्त पाठ को नान्दी कहा गया है। नान्दी में प्रयुक्त किये जाने वाले मधुर शब्दों तथा आशीवर्चनादि से प्रेक्षक नंदित अर्थात् आनंदित होते हैं, अतएव उसे नान्दी कहा जाता है। नाट्यशास्त्र में अर्थहीन ध्वनियों के जर्जर सम्बन्धी गान को शुष्कावकृष्टा (ध्रुवा) कहा गया है। आंगिक तथा वाचिक अभिनय की प्रथम अवतारणा को रंगद्वार कहा गया है। शृङ्गाररस की व्यंजना करने वाली नृत्तसम्बन्धी गति ही चारी कहलाती है। सूत्रधार, विदुषक तथा परिपार्श्वक के आपसी संलाप को तिगत कहा जाता है। सूत्रधार द्वारा नाट्यवस्तु के उपस्थापन के साथ सामाजिकों को अभिनय–प्रेक्षण के हेतु आमंत्रण दिये जाने को प्ररोचना कहा गया है।

नाट्यशास्त्र में वर्णित पूर्वरङ्ग के उपर्युक्त अंगों में से कई ऐसे हैं, जो आप प्राय: पूर्णत: स्पष्ट नहीं हो पाते। इसमें इन समस्त अंगों के प्रयोग का प्रयोजन देवताओं की प्रसन्नता बताया है। पूर्वरङ्ग के इन अंगों को देखने से प्रतीत होता है कि परदे के अन्दर सम्पन्न किये जाने वाले अंगों के द्वारा नाट्यगृह में शीध्र उपस्थित हो जाने वाले प्रेक्षकों का मनोरंजन किया जाता रहा होगा। संभवत: बालक तथा कुछ अन्य उत्सुक प्रेक्षक नाट्यारम्भ के हेतु निर्धारित समय से पूर्व ही नाट्यगृह में उपस्थित हो जाते रहे होंगे। अत: इन शीघ्र आ जाने वाले कुछ प्रेक्षकों के मनोरञ्जनार्थ परदे के अन्दर से ही कुछ न कुछ किया जाता रहा होगा। इसके अनन्तर अधिकांश प्रेक्षकों के आ जाने पर पूर्वरङ्ग के शेष नौ अंग, परदा हटाकर सबके समक्ष सम्पन्न किये जाते रहे होंगे।

आचार्य अभिनव गुप्त के अनुसार

नाट्यप्रयोग के पूर्व ही उसके सफलतापूर्वक पूर्ण होने के लिए किये जाने वाले सम्पूर्ण कार्यकलाप 'पूर्वरङ्ग' में समाविष्ट हैं। जैसे तन्तु, तुरी, वेमा के विना पट का निर्माण नहीं होता वैसे ही प्रत्याहारादि

समष्टिरूप से इसे पूर्वरङ्ग कहा जाता है।

उस (पूर्वरङ्ग) के प्रत्याहारादि बाईस (२२) अंग होते हैं। १. प्रत्याहार, २. अवतरण, ३. आरम्भ, ४. आश्रावणा, ५. वक्तपाणि, ६. परिघट्टना, ७. संघोटना, ८. मार्गासारित, ९. शुष्कायकृष्टक, १०. उत्थापन, ११. परिवर्तन, १२. नान्दी, १३. प्ररोचना, १४. विगत, १५. आसारित, १६. गीत, १७. ध्रुवा, १८. त्रिसाम, १९. रंगद्वार २०. वर्धमानक, २१. चारी, २२. महाचारी, विद्वानों द्वारा ये पूर्वरङ्ग के अंग कहे जाते हैं।[७]

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार

रङ्ग अथवा नाट्यमण्डल की विघ्नशान्ति के लिए, नाट्यप्रयोग के पहले, नटों के द्वारा किया गया जो भी माङ्गल्य गायनवादनादि है वह पूर्वरङ्ग कहा जाया है। यद्यपि यह पूर्वरङ्ग प्रत्याहार आदि अनेकानेक क्रियाकलापों का सम्मिलित रूप है किन्तु तब भी इसके प्रमुख अंग 'नान्दीगायन' का अनुष्ठान अवश्य किया जाना चाहिये क्योंकि अधिकाधिक विघ्नशान्ति का सम्बन्ध इस 'नान्दीगायन' के ही साथ है।

यन्नाटयवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते।।
प्रत्याहारादिकान्यङ्गान्यस्य भूयांसि यद्यपि।
तथाऽप्यवश्यं कर्त्तव्या नान्दी विघ्नोपशान्तये।।[८]

इस प्रकार पूर्वरङ्ग नाट्य विधान का वह पूर्व पक्ष है जहाँ नृत्य, गीत, वाद्य वादन, नर्तकों गायकों वादकों के समुचित सन्निवेश एवं उनकी प्रस्तुतियों से सम्बद्ध सूक्ष्म बारीकियों का विवेचन होता है। इस विवेचन का ही यह प्रभाव होता है कि प्रस्तुतियाँ सुन्दर रूप में निर्विघ्न सम्पन्न हो पाती हैं।

***

सन्दर्भ

१. नाट्यशास्त्र, ४/१४-१८
२. नाट्यशास्त्र, ५/१७-२४
३. अभिनवभारती, ५/७
४. दशरूपक, ३/२
५. दशरूपक, ३/२ वृत्तिभाग
६. भावप्रकाशन, ७/७९-८०
७. भावप्रकाशन, ७/८१
८. साहित्यदर्पण, ६/२२-२३

***

नाम्ना सम्पूर्णसंग्रहस्य नाम कृतम्। अरबगदा-साहित्यस्याधारभूतो मन्यते। एषोनुवादः अरबी जनानां कृते अनुकूलितः कृतः, साक्षादनुवादो नास्ति। मध्यएशियादेशेभ्यः संस्कृतिः अपि तासु कथासु स्वप्रभावं समायोजितवती।

११-१३शतब्द्योः बग्दाद नगरे ज्ञानविज्ञानयोः महत्त्वपूर्णं केन्द्रमासीद्यस्मिन् भारतदेशस्य विद्वांसः, यूनानादियूरोपीयदेशानां विद्वांसस्तथा मध्यएशियादेशानां विद्वांस आगच्छन्ति स्म।[४] هَارُون الرَّشِيد, विज्ञानानां चध्ययनं भवति स्म। तत्र कालीफ़ हारुन अल रशीद (Ha- بيت الحكمة ७८६-८०९) "ज्ञानस्य गृहम्" (ज्ञानालायं ?) (Bajt al-Hikam)[५] संस्थापितवान् यत्र देश-विदेशेभ्यो विद्वांसः कार्यं कुर्वन्ति स्म। तेष्वनुवादका आसन् ये विभिन्नभाषास्वनुवादं कुर्वन्ति स्म। तत्रापि चतुर्लक्षग्रन्थाः संगृहीता आसन्। तत्र वसद्भिर्विद्वद्भिरनेकानि भारतीयविद्याविषये कार्याण्यनुवादाश्च कृताः। ततः सम्पूर्णे यूरोपमहाद्वीपे भारतीयज्ञानं प्रसारितम्। १७ शताब्द्याः पूर्वं ग्रीक, लैटिन, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, पुराना, स्लवोनिक, चेक, अंग्रेजी आदिभाषासु चानुवादो जातः। अधोविभिन्नभाषास्वनुवादसूचीं दर्शयामि।

१. चीनभाषायां - "अवादानास्" नाम्ना

२. पारसीभाषायां - ९१४ (न प्राप्यते) रुदेगी द्वारा

३. सिन्लेसी भाषायां - १३२०, १४१५

४. इटली भाषायां - १५४८ Agnolo Firenzuola, *La Prima veste de' discoris degli animali di Agnolo Fikrenzoula. In : I Lucidi di M. Agnolo Firenzuola Fiorention.* Firenze, appress i Giunti, 1548, Anton Francesco Doni, *La moral filosophia del Doni* 1552)

५. आंग्ला (अग्रेजी) भाषायां १५७० *Fabless od Bitpai- The Morall Philosophi of Doni* नाम्ना Sri Thomas North महोदयेन कृतः।

६. स्पनीश भाषायां १६५४-५८ Espojo vibraturi द्वारा - "*Espejo Politico*"

७. रोमक (लेटीन) भाषायां - १६६६ परोसीनुस महोदयेना

८. फ्रांसीसीभाषायां - १६१८ Pbalees de Pilpay

९. स्वीडेन भाषायां - १७४५

१०. पोल्सकीय (पोलिश) भाषायां - १८९१

११. मालाई भाषायां - अल्कबीर महोदयेन कृतः १८७१

१२. जार्मनी भाषायां Gustav Bickell "Kalilag und Damnag" (Leipzig, 1876)

एषा सूची अतीव संक्षेपेणास्ति, यतो हि आधुनिककाले बहवोऽनुवादा विभिन्नभाषासु कृताः क्रियन्ते च। १६ शताब्द्यां यूरोपीयाः कवयः सादृशशैल्या स्वकथलेखनं कर्तुमारब्धवन्तः। फ्रांसदेशस्य महाकवि

सन्दर्भ

१. *Hertel, Johannes (1906)*, Das Sūdiche Pañcatantra [*The Southern Panchatantra*], *Leipzig : B. G. Teubner.*

२. Francois de Blois (1990), Burzōy's Voyage to Indian and the origin of the book of *Kalīlah wa Dimnah*, Routledge, ISBN 978-0-947593-60-3

३. Said Amir Arjomand, "Abd Allah Ibn al-Muqaffa' and the Abbasid Revolution," *Iranian Studies,* 27:33 (1994).

४. Adam Bieniek : Staroztnośe w myśli arabskiej. Krakōw : 2003 Poland. Josef W. Meri : *Medieval Islamic Civilization : An Encyclopedia.* Routledge, 2005.

५. Al-Khalili, Jim (2011), The House of Wisdom : How Arabic Science Saved Ancient Knowledge and Gave Us the Renaissance, Yew York : Penguin Press, ISBN 9781594202797

***

भारतदेशमौलिकलक्षणप्रतिपादकगीतिका।

विविधविषयान् कूलंकषं विचार्य उपनिषद्दत्ता उद्याने विवधिविद्यानां फलकौमुद्याविलसितकैरवयुतं सरः एव अयं देशः। विविधमतैः अनेकनदीप्रवाहैर्विलसितसमुद्रसदृशोऽयं देशः विविधपण्डितमेकधारूप सागरंमन्थयित्वा लोकानां अमृतदात्री इयं जातिः। विविधविज्ञानपद्मैः विकसितसरः अयं देशः। विविधप्रान्ताः रामवद् राज्यपालनं कृतवतां राज्ञां जनिः तस्मादेवायं देशः देशेषुशिरोमणिमञ्जरी भवति। तथा हि-

विविधविद्याकुमुदकौमुदि विविध विषयोध्यानभूमे।
विविधमतसरिदम्बुराशे विविध विबुधामृत तरंगिणी।।
विविधविज्ञानाब्जतरणे विविध विभवारामभूमे।
विविधकुलमतकामधेनो विविधगुणमणि मञ्जुमञ्जरि।।
जननि जागृहि भारतवनि जननि जयजय पूतचरिते।
सकलजनतानन्दवाहिनि निखिलमानवशान्तिसारणि।।[१] इति।

प्रस्तुत-समाजपीडकांशाः चोरव्यापाराः निर्मूल्याः।

अनेकविधचोरव्यापारैः प्रजाधनं निस्संकोचं स्वर्थाय उपयुज्यमानाः अधिकारिणः नायकगणाः तादृशाधिकारिणः शीग्रं त्याज्याः। देशकीर्तिघातक व्यापारान् प्रजाशतृन् संघद्रोहकान् मानवाधामान् निर्दाक्षिण्यं शिक्षयित्व, स्वदेशचोरान् शिक्षुतुं आलस्यं न युक्तं इति प्रतिपादितवन्तः।

अनेकचोरव्यापारधनाधना स्स्वदेश श्रेयोहन्तुम्।
समंक्रमन्ते प्रजारिपूंस्तान् समूलकाषं कषत्वमधुना।।
प्रजाधनेन च सुखानुभूतिं भजन्ति ये ये कृताधिकाराः।
प्रजाद्रुहस्तान् नराधमानपि निजाधिकारान्नि पातय त्वम् ।।
क्रमस्व जिष्णो क्रमस्व जिष्णो स्वराष्ट्रवृद्धिक्रतवे जिष्णो।
अखंडभारत पुरागमार्थं कवोष्णरक्तं व्ययस्व जिष्णो।।[२]
दुष्टानां कठिनदण्डनमावश्यकम्।

कुलप्रान्तवर्गकलहान् उत्पाद्य केचन अभिवृद्धिनिरोधका भवन्ति केचन अज्ञानेन वीधिद्रोहः इवा विकृत क्रियैः स्त्रीषु, बालिकासु असभ्यततया अनुचितं व्यवहरन्ति ते दण्ड्याः-

कुलविवादो वर्गवादः प्रन्तवादोप्यस्तमेतु।
सकलभारतवर्षमधुना प्रगतिपूर्णं वृद्धिमेतु।।
विकृतचेष्टाविकृतलपितैः कन्यकासु स्त्रीषु बहुधा।
अनुचितव्यवहारिणः पुरवीधि धूर्तान् शाधिकठिनम्।।
जय जय प्रिय राष्ट्र शक्ते जय जयोज्ज्वल राष्ट्र शक्ते।
सकल भारती जन पुरोगति सर्ततोमुख विजयमाप्नुहि।।[३]

अविनीतिक्षालनं भवेत्।

मातृदेशः विदेशैः, विदेशीभावैः तद्व्यामोहैः यथा रक्षाभवन्ति तदाचरणाय धीरता, त्यागश्च वाञ्छनीयाः।

विदेशमोहव्याधिग्रस्तान् स्वदेशजनुषुचिकित्सा शीघ्रम्।
समूलाघातं विदेशतन्त्र प्रमादशक्तिं जहत्वमधुना।।
अरातिजयभव यशस्समृद्धं करालतेजः प्रभाव पूर्णम्।
सुधीः। कलङ्कय कदापि मामा विधानीभीतो निजं चरित्रम।।
क्रमस्व जिष्णो स्वराष्ट्रवृद्धिक्रतवे जिष्णो।
अखंड भालत पुरोगमार्थ कवोष्णरक्तं व्यवस्व जिष्णो।।[७]
विद्याव्यवस्थायां गुणात्मकपरिणामाः आगन्तव्याः।

विद्याव्यवस्था देशस्य हृदयस्थानीया। देशपुरोभाग्यं कक्षासु एव वर्धनीयं। शीलनिर्माणं प्रगतिदायक शिक्षण निलयेषु विद्यालयेषु कार्यं भवति। परिपूर्णसमाजविकासाय विद्या मूलभूता। विद्यार्थिनः विज्ञान संपन्नाः। अध्यापकाः आदर्शजीवनाः, न्यायवादिनः धर्मबद्धाः गुरवः शिक्षणाय सन्तः देशाभिवृद्धये भागस्वामिनः भवेयुः।

छात्रवर्गे ज्ञानविज्ञानार्जवाभ्युदयोन्नतीरपि।
उन्नतादर्शनिर्मलशीलसंस्कारांश्च वितनु।।
अधिकृतेषु न्यायबुद्धिः न्यायवादिषु धर्मचिन्ता।
गुरुषु शिक्षणकौशलं स्यात् प्रगतिमूलं राष्ट्रशक्ते।।
जय जय प्रिय राष्ट्र शक्ते जय जयोज्ज्वल राष्ट्र शक्ते।
सकल भारती जन पुरोगति सर्ततोमुख विजय माप्नुहि।।[८]

अद्यतनसमाजे प्रजाधिशासकैः मादक द्रव दुष्प्रभावात् विद्याव्यवस्था, युवती युवकश्च कलुषितोभूतः। तथा हि–

मादकद्रवदुष्प्रभावात् राजनैतिकदुष्प्रभावात्।
स्वार्थपरगुरुदुष्प्रभावात् कलुषिता विद्याव्यवस्था।।
मूलतोऽपि समाजमधुना शासकीयान्दुर्व्यवस्थां।
समय एषह्यागत स्संस्कर्तुमभिनवभारते।।
जय जय प्रिय राष्ट्र शक्ते जय जयोज्ज्वल राष्ट्र शक्ते।
सकल भारती जन पुरोगति सर्ततोमुख विजय माप्नुहि।।[९]

धर्मोरक्षितव्यः

सर्वेधर्मरक्षणद्वारा देशरक्षां कर्तुं शक्याः इति सत्यं प्रचारं कृत्वा, प्रजाचैतन्यं कल्पयन्तु इति निरूपितम्।

धर्मएव सुरक्षितव्यो रक्षितोजनमवति धर्मः।
हन्ति धर्मो हतो राष्ट्रं धर्मनिष्ठं भवतु राष्ट्रम्।।
आर्षसूक्ति स्सापवादं याति वेदा यन्ति निन्दां।

राजा सूर्येन्दुयमवरुणसोमाग्निभूतेजसा पालनं कुर्यात्।

अर्यमेन्द्र समीरपावक शमनसोम महीव्रतेषु।
सिद्धहस्तं शासनं भुवि सुप्रतिष्ठितमेव जयति।।
जय जय प्रिय राष्ट्र शक्ते जय जयोज्ज्वल राष्ट्र शक्ते।
सकल भारती जन पुरोगति सर्ततोमुख विजय माप्नुहि।।[१४]

सूर्यः भूमेः जलं यथा पुनरर्पणाय गृह्णाति तथा राजा अपि प्रजाभ्यः बलिग्रहणं कुर्यात् । एतदर्यमव्रतम्।

इन्द्रः चतुर्मासेषु वर्ष दानेन भूमिं सस्य श्यामलां यथा करोति तथा राजा प्रजानां, अवसरांश्च तासां सुखशान्तिदापनं कुर्यात् , एतदिन्द्रव्रतम्।

वायुः सरलप्राणिषु यथा संचरति तथा राजा गूढ़ाचारिभ्यः राज्यवृत्तं परिज्ञाय परिपालयेत् एतत् समीरव्रतम्।

अग्नि बृहत्तेजसा दाहकत्वलक्षणं यथा प्राप्नोति तथा राजा दुष्टामात्यान् पापात्मनः कठिनं दण्डयेत् एतत् पावकव्रतम्।

यमः यथा अयं शत्रुः एषः मित्रं इति अविचार्य कालानुगुणं मृत्युं दापयति तथा राजाऽपि स्वपर-भेदरहितः दुष्टान् दण्डयित्वा शिष्टान् सत्करोति तत् शमनव्रतम्।

सम्पूर्णं चन्दं दृष्ट्वा प्रजाः आनन्दं आस्वादयन्ति तथा राजा प्रजारोग्यरक्षणं कुर्यात् तत् सोमव्रतम्।

भूमिः समस्तजीवभरणं करोति तथा राजा निम्नोन्नतभावरहितः धनिकधनहीनभावपरित्यागी पालनं कुर्यात् एतत् महीव्रतम्।

एवं पालकः पालनविधाने कृतकृत्यः यथा भविष्यति तथा सूचनाः कविना निर्दिष्टाः।

उपसंहारः

एवं श्रीभाष्यंविजयसारथिमहाशयानां क्रान्तिगीतिकासु एकैकः श्लोकः समकालीनसमाजचित्रं दर्शयित्वा चैतन्यकारी लोककल्याणदायी च भवति।

***

नाग - भारत के प्राचीनतम धर्मस्थल मुण्डेश्वरी मंदिर के निर्माता

प्रसून कुमार मिश्र
ब्यूरो संवाददाता, हिन्दुस्तान टाईम्स, पटना।

मौर्य साम्राज्य के पतन और गुप्त साम्राज्य के उदय के बीच की तीन शताब्दियों के काल को भारतीय इतिहास का अंधकार युग कहा गया है। मुण्डेश्वरी मंदिर के निर्माताओं के विषय में जानने के लिए इस अंधकार युग में प्रवेश करना होगा। भारतीय तथा पाश्चात्य इतिहासकारों द्वारा इस युग पर काफी काम किया गया है, जो हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मौर्य सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने दुर्बल तथा विलासी अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ का वध कर १८५ ई० पू० में शुंग वंश की स्थापना की। लगभग ७३ ई०पू० तक प्रभावी रहे इस वंश को बौद्ध प्रभुत्व को समाप्त कर ब्राह्मण धर्म के पुर्नस्थापन हेतु जाना जाता है। पाणिनी शुंगों को भारद्वाज गोत्र के ब्राह्मण बताते है। शुंग राजाओं ने हिन्दू मंदिरों एवं स्तूपों का निर्माण कराया। साँची का स्तूप शुंग वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। बौद्ध ग्रंथ दिव्यावदान में पुष्यमित्र को बौद्धों का हत्यारा तथा उनके बिहारों एवं स्तूपों को तोड़ने जलानेवाला बर्बर धर्मांध कहा गया है, लेकिन भारतीय लेखक इसे अतिरंजन मानते है।

शुंगों के बाद आए कण्व वंश (७३ ई०पू० - २८ ई०पू०) के काल में भी धर्म के उत्थान की परंपरा जारी रही जो कुषाण काल (१५ ई० - २३० ई०) में भी अवरूद्ध नहीं हुयी। कनिष्क ने हॉलाकि बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया किन्तु उसने सभी धर्मों के प्रति समभाव रखा। इस वंश के अंतिम शासकों ने तो हिन्दू नाम अपना लिए। वासुदेव प्रथम एवं अंतिम शासक वासुदेव द्वितीय (२१० ई०-२३० ई०) के नाम इसके प्रमाण है। यह काल स्थापत्य की विशिष्ट गांधार शैली के लिए जाना जाता है। इनकी मुद्रा दीनार थी।

नागवंश (११० ई०पू० से ३१५ ई०)

कुषाणों को भारत से खदेड़कर सम्पूर्ण आर्यावर्त में हिन्दू धर्म के प्रभुत्व की स्थापना करने वाले नागवंशी शासक महादेव शिव के परम भक्त थे। उन्होंने वैदिक यज्ञ एवं कर्मकाण्ड की पुर्नस्थापना

राजकुमारी कुबेर नागा से किया जाना है। विंध्य से मध्य भारत तक के जंगली इलाकों को वश में करना इस विवाह का उद्देश्य था। विक्रमादित्य ने कुबेर नागा से उत्पन्न अपनी पुत्री प्रभावती गुप्त का विवाह वाकाटक राजा रूद्रसेन द्वितीय से किया था। यह विवाह पूर्णतः कूटनीतिक था जो गुप्त साम्रात्य के विस्तार के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे गुप्त, नाग तथा वाकाटक परस्पर संबंधी हो गये। पति की मृत्यु के बाद अपने अव्यस्क पुत्रों दिवाकरसेन तथा प्रवरसेन द्वितीय की संरक्षिक के रूप में ३९० ई० से ४१० ई० तक प्रभावती गुप्त हीं वाकाटक राज्य की वास्तविक शासिका रही। इस स्थिति का लाभ उठाकर विक्रमादित्य ने गुजरात, मालवा एवं सौराष्ट्र के पश्चिमी क्षत्रपों को परास्त कर उनका राज्य अपने साम्रत्य में मिला लिया।



अब हम मुण्डेश्वरी से प्राप्त शिलालेख (वर्तमान में नेशनल म्यूजियम कोलकाता में संरक्षित) की तिथि पर विचार करते हैं। यह विनितेश्वर मठ में किसी अज्ञात संवत के ३० वें वर्ष में लिखा गया था। शिलालेख में महाराजा उदयसेन के नायक गोमिभट्ट द्वारा कुलपति भागुदलन की आज्ञा लेकर श्री मण्डेश्वर स्वामी (शिव) के लिए प्रतिदिन दो प्रस्थ चावल एवं एक पल तेल देने की व्यवस्था किये जाने का उल्लेख है। मण्डलेश्वर स्वामी के राग-भोग हेतु पचास दीनार भी दान दिये जाने का उल्लेख है।

शिलालेख में उल्लिखित वर्ष को इतिहासकार राखाल दास बनर्जी हर्ष संवत का ३० वॉ वर्ष अर्थात ६३६ ई० मानते हैं, जबकि एन०जी० मजुमदार तथा के०सी० पाणिग्रही इसे गुप्त संवत का ३०वॉ वर्ष अर्थात ३४६ ई० मानते हैं। विभिन्न विद्वानों ने शिलालेख की तिथि चौथी से सातवीं सदी तक स्थापित किया है।

बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के प्रशासक आचार्य किशोर कुणाल ने गहन शोध तथा विवेचन के बाद शिलालेख की तिथि को शक संवत का ३० वाँ वर्ष स्थापित किया है। शक संवत का प्रारम्भ ७८ ई में हुआ। आचार्य कुणाल ने शिलालेख की तिथि ७८+३० = १०८ ई० मानी है।

शिलालेख एवं मंदिर के काल निर्धारण से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक सामग्री मंदिर परिसर से सन् २००३ ई० में प्राप्त हुई। वाराणसी के इतिहासकार जाह्नवी शेखर राय ने यहां से महान श्रीलंकाई सम्राट महाराजु दुत्थगामनी की राजमुद्रा (त्वलंस `मंस) प्राप्त की। श्रीलंका के

राजचिन्ह के रूप में प्रयोग करने वाले महान नागवंशी सम्राटों (११० ई०पू०-३१५ ई०) के अद्वितीय निर्माण कौशल की पराकाष्ठा के प्रतीक स्मारक इस प्रागैतिहासिक तीर्थ के वास्तविक निर्माताओं के बारे में वे आज तक संषयग्रस्त न रहे होते।

पुष्यमित्र शुंग द्वारा स्थापित मण्डलेश्वर स्वामी के मंदिर को परिवर्धित कर परंपरागत हिन्दू वास्तुकला की सर्वोत्तम वैज्ञानिक उपलब्धि त्रिविमीय श्रीयंत्र की परिकल्पना को नागवंशियों ने प्रवरा पहाड़ी पर साकार किया। वर्त्तमान मंदिर उसी अद्वितीय वास्तुशिल्प का ध्वंशावशेष है।

नागवंशियों के इस क्षेत्र में दीर्घकालीन प्रभुत्व के प्रमाण के रूप में नागवंशी राजपूतों के ५२ पुर (गॉव) कैमूर तथा उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों चन्दौली तथा गाजीपुर में आज भी विद्यमान है।

नागों से गुप्तवंश के वैवाहिक संबंध एवं उनकी मित्रता भी इस धर्मस्थल के लिए काफी लाभकारी सिद्व हुई। नागों ने शिखर तथा पहाड़ी के विभिन्न तलों पर मंदिर, शिक्षण संस्थान एवं ज्ञान-विज्ञान केन्द्रों का निर्माण किया। जिसे कालांतर में गुप्त शासकों एवं उनके बाद हर्षवर्धन ने लगातार समृद्ध किया। मंदिर तथा चतुर्दिक बिखरे गुप्तकाल एवं हर्षकाल की स्थाप्त्य शैली के नमूने इसके प्रमाण है। पुराणों में नाग शासकों की वंशावलियों में वीरसेन, नागसेन आदि नाम आये है। निश्चय हीं मुण्डेश्वरी शिलालेख में वर्णित महाराज उदयसेन इसी वंश का स्थानीय शासक होगा जिसे सम्राट ने इस अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल की सुरक्षा तथा संरक्षण का भार सौंपा होगा।

शिलालेख में वर्णित मुद्रा दीनार कुषाणों की मुद्रा थी जिन्हें नागों ने पूर्णतः पराजित कर आर्यावर्त से बाहर कर दिया था किन्तु उनकी प्रचलित मुद्रा को सुविधा की दृष्टि से चलन में रहने दिया जैसा कि अधिकांश विजेता करते रहे हैं। मुण्डेश्वरी में द्वितीय शताब्दी ईसापूर्व में आरम्भ हुआ आध्यात्मिक - धार्मिक ज्ञान यज्ञ अनवरत जारी रहा। जिसकी विशिष्टता से चमत्कृत होकर श्रीलंका, चीन आदि देशों के धर्मयात्री एवं देश-देशांतर से ज्ञान पिपासु यहॉ पहुँचकर अध्यात्म साधना के इस अविकल तीर्थ का अवगाहन करते रहे।

चीनी यात्री हुएनत्सांग (६३६-४४ ई०पू०) ने भी अपने यात्रा वृतांत में इस मंदिर से अहर्निश निकलने वाले प्रकाश पुंज का उल्लेख किया है। उन्होनें बौद्व तीर्थो के भ्रमण के क्रम में बोधगया से सारनाथ यात्रा में इसी मार्ग का प्रयोग किया था।

जीवन्त स्पंदन से तरंगित यह प्राचीन तीर्थ मानव श्रद्वा की धरोहर है जिसके दर्शन मात्र से सकल कलुष का नाश होता है। विगत दो सहस्त्राब्दियों से सम्राटों, साधकों एवं चिंतको की सात्विक